RAJHIN/2016/70516
Bhilwara/171/2023-2024

सच्चाई से रुबरु

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्ष-10 अंक-150 जयपुर, शुक्रवार, 28 नवम्बर 2025 मूल्य-4 रूपये

# राजस्थान भाजपा की नई कार्यकारिणी घोषित 9 उपाध्यक्ष और 7 मंत्री सहित 34 नामों की घोषणा

## 480 दिन बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकारिणी बनाई, 2 विधायकों को मिली जगह, 2 सांसद और 2 एमएलए को बाहर किया

जयपुर

मदन राठौड़ ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने के 480 दिन बाद अपनी कार्यकारिणी घोषित की। इसमें कुल 34 नाम शामिल हैं। कार्यकारिणी में 9 उपाध्यक्ष, 4 महामंत्री, 7 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 1 सहकोषाध्यक्ष, 1 प्रकोष्ठ प्रभारी और 7 प्रवक्ता की घोषणा की गई है। मदन राठौड़ की कार्यकारिणी में इस बार केवल दो विधायकों को जगह मिली। बगरू विधायक कैलाश वर्मा और विराट नगर विधायक कुलदीप धनकड़ को प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया। हालांकि प्रदेश कार्यकारिणी के मूल पदों उपाध्यक्ष, महामंत्री और मंत्री में किसी भी विधायक-सांसद को शामिल नहीं किया गया है। इस बार पार्टी ने संगठन के काम में विधायक-सांसदों की जगह पार्टी कार्यकर्ताओं को तरजीह दी। ऐसे में मौजूद विधायक और सांसदों में से कुछ को मंत्रिमंडल और कुछ को राजनीति नियुक्तियों में एडजस्ट किया जा सकता है।

### उपाध्यक्ष में 6 नए चेहरे

प्रदेश कार्यकारिणी में पहले 10 उपाध्यक्ष काम कर रहे थे। अब पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल सिंह टीटी, बिहारीलाल विश्नोई, छगन माहुर, हकरू माईड़ा, अल्का मुन्दड़ा और सरिता गेना उपाध्यक्ष के रूप में नए चेहरे शामिल किए गए हैं। नाहर सिंह जोधा, मुकेश दाधीच, डॉ. ज्योति मिर्धा को फिर से उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह मौजूदा कार्यकारिणी मे भी उपाध्यक्ष थे।







### सांसद-विधायकों को इस बार नहीं मिली जगह

इसके साथ ही राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया और सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक (तिजारा) बाबा बालकनाथ, जितेंद्र गोठवाल, पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण पंचारिया, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी, पूर्व सांसद सीआर चौधरी, सरदार अजयपाल सिंह और मोतीलाल मीणा को कार्यकारिणी में जगह नहीं मिली है।

### इन्हें मिला प्रमोशन

नई टीम में मौजूदा टीम में काम कर रहे नेताओं में कुछ को प्रमोट भी किया गया है। मौजूदा कार्यकारिणी में मंत्री रहे भूपेन्द्र सैनी और मिथिलेश गौतम को प्रमोट करके महामंत्री बनाया गया है। एससी मोर्चे के अध्यक्ष कैलाश मेघवाल को प्रमोट करके प्रदेश कार्यकारिणी में महामंत्री और एसटी मोर्चा के अध्यक्ष नारायण मीणा को प्रमोट करते हुए प्रदेश कार्यकारिणी में मंत्री बनाया गया है।

### प्रदेश कार्यकारिणी में नए पद शामिल किए गए

ऐसा पहली बार हुआ है कि प्रदेश कार्यकारिणी में प्रवक्ता, मीडिया, आईटी और सोशल मीडिया प्रभारी को शामिल किया गया है। अभी तक प्रदेश कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष और सह-कोषाध्यक्ष ही शामिल होते थे। इस बार ज्यादा लोगों को प्रदेश कार्यकारिणी में जगह देने के लिए इन पदों को भी प्रदेश कार्यकारिणी का हिस्सा बनाया गया है। अभी तक ये पद इससे बाहर रहते थे।

### महामंत्री में पिछली कार्यकारिणी से केवल एक चेहरा रिपीट

मदन राठौड़ ने अपनी टीम में महामंत्रियों की संख्या भी कम की है। मौजूदा कार्यकारिणी में 5 महामंत्री काम कर रहे थे। नई कार्यकारिणी में 4 महामंत्री बनाए गए हैं। इनमें भी पिछली कार्यकारिणी के महामंत्रियों में से केवल एक को रिपीट किया गया है। ये श्रवण सिंह बगड़ी हैं। विधायक जितेंद्र गोठवाल, सांसद दामोदर अग्रवाल, पूर्व सांसद संतोष अहलावत और देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा को बाहर किया गया है।

# इमरान खान जेल में, बाहर मौत की अफवाह, समर्थक मुलाकात पर अड़े

## जेल प्रशासन बोला- उनकी तबीयत ठीक, बहनें बोलीं- सच बताएं

इस्लामाबाद



पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की मौत को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह तेज हो गई है। इमरान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। पिछले 3 हफ्तों से इमरान की बहनें उनसे मिलने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन जेल प्रशासन इसकी अनुमति नहीं दे रहा है। इसके चलते से इमरान की खराब सेहत के कयास लगाए जा रहे हैं।

इमरान की बहनों ने सरकार से सच बताने की मांग की है। तनाव बढ़ने के बाद जेल प्रशासन ने कहा है कि इमरान खान की तबीयत बिल्कुल ठीक है। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने भी इमरान की सेहत के बारे में हाल की अफवाहों के बारे में सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही प्रशासन से पूर्व प्रधानमंत्री और उनके परिवार के बीच मुलाकात की व्यवस्था करने की मांग की है।

### पीटीआई बोली- इमरान को कुछ हुआ तो बर्दाश्त नहीं करेंगे

पीटीआई ने आरोप लगाया है कि विदेशी सोशल मीडिया अकाउंट्स से इमरान की मौत तक की खबरें फैलाई जा रही हैं, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और मानवाधिकारों का उल्लंघन है। पार्टी ने सख्त चेतावनी दी है कि इमरान खान की सुरक्षा, स्वास्थ्य और संवैधानिक अधिकारों की जिम्मेदारी सीधे सरकार पर है। अगर कोई अनहोनी हुई तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीटीआई ने अफवाह फैलाने वालों की जांच कराने की भी मांग की।

### धरने पर बैठी इमरान की बहनों पर लाठीचार्ज हुआ था

इमरान खान की बहनें अलीमा खान, नोरीन नियाजी और डॉ. उज्मा खान पिछले कई दिनों से अडियाला जेल के बाहर धरना दे रही हैं, लेकिन उन्हें भाई से मिलने की अनुमति नहीं मिली। उनकी बहनों ने आरोप लगाया कि धरने के समय उन पर लाठीचार्ज किया गया और सड़क पर खींचकर घसीटा गया। उन्होंने इसे क्रूरता बताया और कहा है कि यह सब इमरान को परिवार से अलग करने की साजिश का हिस्सा है।

# कांग्रेस विदेशों से भारत के खिलाफ माहौल बना रही:भाजपा

## भाजपा का आरोप- राहुल गांधी की टीम और लेफ्ट नेता विदेशी सोशल मीडिया अकाउंट्स की मदद ले रहे

नई दिल्ली

भाजपा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस विदेशी सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए भारत विरोधी माहौल बना रही है। ये अकाउंट पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, सिंगापुर और अमेरिकी सहित अन्य देशों से चल रहे हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और लेफ्ट नेताओं के इशारे पर भारत की छवि खराब की जा रही है।

गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने विभिन्न ङ्ग अकाउंट दिखाए। पात्रा ने आरोप लगाया कि वे विदेश से बनाए गए थे, जो चुनाव आयोग, भाजपा-'स्स और क्क्रू नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया अभियान चलाते थे।

पात्रा ने कहा कि 2014 से लगातार राहुल गांधी विदेश जाकर देश के खिलाफ बोल ही नहीं रहे हैं। वे केवल जेन-जी से मिलकर देश के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। भले ही इसके लिए विदेशी ताकतों की मदद लेनी पड़े। कांग्रेस के अकाउंट्स लोकेशन विदेश में पात्रा ने कहा, एक्स में कुछ दिन पहले एक नया फीचर आया है। इसके जरिए आप जान सकते हैं कि जो अकाउंटधारी किस देश का है यानी उसकी लोकेशन क्या है। पात्रा ने कहा कि महाराष्ट्र कांग्रेस का अकाउंट आयरलैंड में है, लेकिन अभी इन्होंने इसे बदलकर INDIA कर दिया है।



हिमाचल कांग्रेस का हैंडल @ INCHimachal अकाउंट भारत का है लेकिन कनेक्टेड वाया एंड्रॉयड एप थाईलैंड दिखाता है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा का एक्स अकाउंट भी अमेरिका में है। यह फीचर आने के बाद इन अकाउंट्स की लोकेशन या तो भारत कर दी है या अकाउंट्स छिपा लिए हैं।

### जिनका भारत से लेना-देना नहीं है, वो नैरेटिव सेट कर रहे

पात्रा ने कहा, बांग्लादेश, पाकिस्तान, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया, यूरोप और अमेरिका में बैठे उनके लोग, जिनका भारत से कोई लेना-देना नहीं है, वो भारत में नैरेटिव सेट करते हैं। भारत में कुछ ऐसे नैरेटिव जो राहुल गांधी, कांग्रेस और लेफ्ट इकोसिस्टम के कहने पर सेट किए गए, ऐसे तीन नैरेटिव के उदाहरण मैं दूंगा।

### पहला- वोट चोरी का नैरेटिव सेट किया गया

दूसरा - ऑपरेशन सिंदूर में जो मोदी जी और भारत की सेना को एक तरह से कमजोर दिखाने की कोशिश की गई, उसके पीछे भी पाकिस्तान, बांग्लादेश और पश्चिम एशिया में बैठे कुछ कांग्रेसी और उनके शुभचिंतकों के हैंडल हैं।

तीसरा- संघ, संघ परिवार और मोदी जी पर व्यक्तिगत हमला करने का नैरेटिव भी विदेश से ही संचालित हुआ। '

पात्रा ने कहा,स्पेशल इंटेंसिव रिविजन को लेकर बंगाल में माहौल बनाने की कोशिश की गई। बिहार में वोट चोरी और वोट चोर गद्दी छोड़ का नैरेटिव भी विदेश की भूमि से बनाया गया।

# आतंकी संगठन जमात-ए-इस्लामी के कई ठिकानों पर रेड

## जम्मू में 19 साल का युवक गिरफ्तार, पाकिस्तान में कुछ नंबरों पर बात कर रहा था

श्रीनगर



जम्मू-कश्मीर के 5 जिलों में शुक्रवार को पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात-ए-इस्लामी (छ्वद्गढ्ढ) से जुड़े कई लोगों के ठिकानों पर रेड की। पुलिस ने तलाशी के दौरान कई डॉक्यूमेंट्स समेत मोबाइल, लैपटॉप जब्त किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि घाटी में सुरक्षा अभियान के तहत शोपियां, पुलवामा, श्रीनगर, बारामूला और कुलगाम में सर्च ऑपरेशन चलाया गया है। इस दौरान पुलिस टीमों ने वेरिफिकेशन किया और कई लोगों से पूछताछ भी की।

वहीं जम्मू पुलिस ने आतंकी गतिविधि में शामिल होने के आरोप में 19 साल के युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि वह पाकिस्तान समेत कई विदेशी नंबरों पर लगाता बात कर रहा था। शुरुआती जांच में सामने आया कि वह ऑनलाइन कट्टरपंथी बना था और आतंकी हमले की योजना बना रहा था।

### आतंकी सपोर्ट नेटवर्क को खत्म करने सर्च ऑपरेशन चलाया

अधिकारियों ने बताया कि सर्च ऑपरेशन का मकसद बैन संगठन को दोबारा सक्रिय होने से रोकना, आतंकी सपोर्ट नेटवर्क और ओवरग्राउंड वर्कर्स की पहचान कर उन्हें खत्म करना है। साथ ही आतंकियों को फाइनेंशियल और लॉजिस्टिक मदद करने वालों पर कार्रवाई करना है।

पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में अवैध गतिविधि मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।। स्थानीय लोगों से सहयोग और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील की गई है।

# साउथ अफ्रीका से हार के बाद पंत ने माफी मांगी:लिखा- उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे

गुवाहाटी

टेस्ट में साउथ अफ्रीका से मिली हार के बाद भारतीय स्टैंड-इन कैप्टन ऋषभ पंत ने फैंस से माफी मांगी है। 28 साल के भारतीय विकेटकीपर पंत ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट किया और माफी मांगी।

पंत ने लिखा- 'इस बात से परहेज करने का कोई मतलब नहीं है कि पिछले 2 हफ्तों में हमने अच्छा क्रिकेट नहीं खेला। हम उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके, इसके लिए हमें खेद है।' भारत को बुधवार को गुवाहाटी टेस्ट में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 408 रनों की हार मिली। रनों के लिहाज से यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी हार है। इसी के साथ टीम पिछले 13 महीनों में दूसरी बार घर में ही क्लीन स्वीप हो गई है। पहले से ज्यादा मजबूत होकर लौटेंगे- पंत हम इस बात से नहीं



बच सकते कि पिछले दो हफ्तों में हमने अच्छा क्रिकेट नहीं खेला। एक टीम और खिलाड़ी के तौर पर हम हमेशा बेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं और करोड़ों भारतीयों के चेहरे पर मुस्कान लाना चाहते हैं। इस बार हम उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए, इसके लिए माफी चाहता हूं। लेकिन खेल आपको सीखना, बदलना और आगे बढ़ना सिखाता है। टीम के रूप में भी और व्यक्ति के रूप में भी। भारत का प्रतिनिधित्व करना हमारे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। हमें पता है कि यह टीम क्या कर सकती है, और हम कड़ी मेहनत करेंगे। हम दोबारा खुद को रीसेट करेंगे और पहले से ज्यादा मजबूत होकर लौटेंगे।

# दिव्यांगों के लिए फंड जुटाएं यूट्यूबर्स-सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सोशल मीडिया के कंटेंट से जुड़े दो मामलों पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा- सोशल मीडिया पर डाले जाने वाले एडल्ट कंटेंट के लिए किसी न किसी को जिम्मेदार लेनी ही होगी। केंद्र सरकार इसके लिए 4 हफ्ते में रेगुलेशन बनाए और कानून एससी/एसटी एक्ट की तरह सख्त हों। वहीं दिव्यांगों से जुड़े दूसरे मामले में इंडियाज गॉट लेटेंट' के होस्ट और यूट्यूबर समय रैना को आदेश दिया कि वे अपने शो में दिव्यांग लोगों की सफलता की कहानियां दिखाएं, ताकि उनकी मदद के लिए फंड इकट्ठा किया जा सके।

# राजस्थान में 25 दिसंबर-5 जनवरी तक सर्दियों की छुट्टियां

बीकानेर

प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट स्कूल में 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक सर्दी की छुट्टियां होगी। शिक्षा विभाग ने दिसंबर महीने के शैक्षिक कैलेंडर में स्पष्ट कर दिया है कि अगले महीने में 21 दिन तक स्कूल संचालित होंगे। इस दौरान 25 दिसम्बर से पहले रविवार के अलावा कोई छुट्टी नहीं है।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट की ओर से पूर्व में जारी कैलेंडर के मुताबिक दिसम्बर के 31 दिनों में 25 दिसंबर से शीतकालीन छुट्टियां होगी।

आमतौर पर 31 दिसम्बर तक छुट्टी होती थी, लेकिन पिछले साल इसे बढ़ाकर 5 जनवरी कर दिया गया, क्योंकि सर्दी इतनी ज्यादा होती है कि कलेक्टर के आदेश पर छुट्टी करनी पड़ती है।

जून महीने में जारी इस कैलेंडर में 12 दिसंबर से अर्धवार्षिक परीक्षा बताई गई है जबकि ये परीक्षाएं 20 नवम्बर से शुरू हो चुकी है और अभी चल रही है।


# हॉन्गकॉन्ग में 77 साल में सबसे भीषण आग, 55 मौतें, 8 बहुमंजिला इमारतें जलीं

## 280 अभी भी लापता, ठेकेदार समेत 3 गिरफ्तार

हॉन्ग कॉन्ग

हॉन्गकॉन्ग के 'ताई पो' जिले में बुधवार को एक बड़े रिहायशी कॉम्प्लेक्स में आग लग गई। यह 77 साल में लगी सबसे भीषण आग बताई जा रही है। इस हादसे में अब तक 55 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 76 गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं, 279 लापता हैं। ये कॉम्प्लेक्स आठ इमारतों का था, जिनमें हर इमारत 35 मंजिलों की थी। इसमें करीब दो हजार अपार्टमेंट थे। वांग फुक कोर्ट के ये टावर बांस की मचान से ढके हुए थे। चार इमारतों में लगी आग पर लगभग 10 घंटे बाद सुबह तक काबू पा लिया गया। तीन इमारतों में आग पर 20 घंटे बाद भी काबू नहीं पाया जा सका है। मामले में पुलिस ने ठेकेदार समेत तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इन पर आग के मामले में लापरवाही या गैर-इरादतन हत्या का शक जताया गया है। पुलिस ने इनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। वहीं, 7 दिसंबर को होने वाले चुनाव से पहले चुनाव प्रचार गतिविधियां स्थगित कर दी गई हैं।





हॉन्गकॉन्ग मीडिया साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार यह आग 77 साल में सबसे भीषण आग है। इससे पहले 1948 में पांच मंजिला गोदाम में विस्फोट हुआ था। इसमें 176 लोग मारे गए थे । इसके बाद 1962 में शुई पो इलाके में लगी आग में लगभग 44 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, नवंबर 1996 में कोवलून में गार्ले बिल्डिंग में आग लगने से 41 लोग मारे गए थे और 81 घायल हुए थे।

### एक इमारत से दूसरी इमारत तक फैली आग

तेज हवा और जलते हुए मलबे की वजह से लपटें एक इमारत से दूसरी इमारत तक फैलती चली गई। जब आग भड़की, तो कई लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी क्योंकि मरम्मत की वजह से खिड़कियां बंद थीं। आग बुझाने पहुंची टीम को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई मंजिलों पर तापमान इतना ज्यादा था कि फायर फाइटर्स उन जगहों तक पहुंच भी नहीं पा रहे थे। इसी दौरान एक फायर फाइटर की मौत भी हो गई।

# व्हाइट हाउस के पास फायरिंग, 2 नेशनल गार्ड्स घायल

## अफगानिस्तानी हमलावर गिरफ्तार, ट्रम्प बोले- यह आतंकी हमला, अफगान शरणार्थियों के आने पर रोक लगाई

वाशिंगटन डीसी

अमेरिका में बुधवार को व्हाइट हाउस के पास नेशनल गार्ड्स के 2 जवानों को गोली मार दी गई। इस मामले में एक अफगान शरणार्थी को हिरासत में लिया गया है।

एफबीआई अधिकारियों के मुताबिक, हमले में शामिल संदिग्ध की पहचान 29 साल के रहमानुल्लाह लाकनवाल के तौर पर हुई है। वह अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिका आया था। उसने 2024 में शरणार्थी के दर्जे के लिए अप्लाई किया था और उसे अप्रैल 2025 में मंजूरी मिली थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे आतंकी घटना करार दिया है। उन्होंने कहा कि इसमें जो भी शामिल हैं, उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने अमेरिका में अफगान शरणार्थियों की तुरंत एंट्री रोकने का ऐलान किया है।

### हमलावर ने महिला गार्ड के सिर में गोली मारी

यह हमला फैरागट वेस्ट मेट्रो स्टेशन के पास हुआ, जहां लाकनवाल कुछ समय तक इंतजार करता रहा और फिर अचानक अमेरिकी समयानुसार दोपहर 2:15 बजे के आसपास उसने गोलीबारी शुरू कर दी। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, उसने पहले एक महिला गार्ड को सीने में गोली मारी और फिर सिर में। इसके बाद उसने दूसरे गार्ड पर फायर किया।

## सड़क दुर्घटना में मृतक व्यापारी के परिवार को मिलेगा 18 करोड़ का मुआवजा

### -मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 13 साल चली लड़ाई के बाद दिया आदेश

पुणे (एजेंसी)। पुणे-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर एक सड़क दुर्घटना में एक व्यापारी की साल 2012 में मौत हो गई थी। उनके परिजनों को करीब 13 साल की लंबी लड़ाई के बाद 18 करोड़ का मुआवजा दिया गया है। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने यह आदेश जारी किया है। यह मुआवजा एक बीमा कंपनी और ट्रक मालिक को संयुक्त रूप से देना होगा। मुआवजे की मूल राशि 10.9 करोड़ है। यह राशि याचिका दाखिल करने की तारीख 1 मार्च, 2016 से 7.5फीसदी प्रति वर्ष की दर से ब्याज समेत दी जाएगी। ब्याज को मिलाकर कुल मुआवजा 18 करोड़ से ज्यादा का हो गया है। बता दें दुर्घटना में मुंबई के व्यवसायी राजीव विनोद शाह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी। राजीव शाह अपनी होंडा सिटी कार से मुंबई से पुणे जा रहे थे। तभी ट्रक ने एक अन्य कार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह कार सड़क के डिवाइडर को तोड़ती हुई विपरीत दिशा में राजीव शाह की होंडा सिटी कार से टकरा गई। मृतक की कार का पीछे चल रही राज्य परिवहन निगम की एक बस ने भी शाह की कार को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राजीव शाह के परिवार के छह सदस्यों ने न्यायाधिकरण के समक्ष दुर्घटना दावा याचिका दायर कर ब्याज समेत 17.4 करोड़ के मुआवजे की मांग की थी। न्यायाधिकरण ने ट्रक मालिक के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की क्योंकि वह सुनवाई के दौरान कभी पेश नहीं हुआ। बीमा कंपनी ने इस दावे का यह कहते हुए विरोध किया कि यह दुर्घटना तीनों वाहनों की संयुक्त लापरवाही के कारण हुई थी।

## लॉरेंस गैंग के 4 शूटरों का एनकाउंटर, दो घायल

मोहाली (एजेंसी)। मोहाली के डेराबस्सी में चंडीगढ़-अंबाला राजमार्ग पर बुधवार दोपहर बड़ा पुलिस अभियान चलाया गया। स्टील स्ट्रिप्स टावर्स के पास एक घर में छिपे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार गुर्गों को पकडऩे पहुंची पुलिस टीम पर आरोपियों ने अचानक फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और कुछ देर तक दोनों तरफ से गोलियां चलती रहीं। मुठभेड़ में गिरोह के दो शूटरों को गोली लगी और वे घायल हो गए। मौके पर मौजूद एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और एसएएस नगर पुलिस ने घेराबंदी कर सभी चार आरोपियों को काबू में कर लिया। घायल आरोपियों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह विदेशी ठिकानों से अपने हैंडलर के निर्देश पर काम कर रहा था। यह समूह ट्राइसिटी और पटियाला क्षेत्र में टारगेटेड हमलों की योजना बनाने में लगा हुआ था। पुलिस को जानकारी मिली थी कि गिरोह इस क्षेत्र में किसी बड़े हमले की तैयारी कर रहा है।

## पाकिस्तान बॉर्डर से पकड़े गए 2 आतंकी

अमृतसर (एजेंसी)। पंजाब के अमृतसर देहात पुलिस ने भारत-पाक बॉर्डर पर दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से करीब ढाई किलो का आईईडी और दो मोबाइल फोन बरामद हुए। यह कार्रवाई खुफिया अलर्ट के बाद हुई है। जिसमें आईएसआई द्वारा हाल ही में दिल्ली धमाके के बाद दोबारा भारतीय क्षेत्र में विस्फोटक भेजने की कोशिश तेज होने की जानकारी मिली थी। अमृतसर के रमदास, अजनाला और घरिंडा में बढ़ाई गई नाकाबंदी के दौरान दोनों आरोपी भाई युवराज और आकाशदीप बाइक पर आईईडी लेने निकले थे, लेकिन कोहरे के बीच पकड़े गए। पुलिस उनसे पूछताछ कर मॉड्यूल के बाकी सदस्यों की तलाश कर रही है।

## संविधान का अक्षरश: पालन हुआ तो 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : ओम बिरला



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कहा कि यदि देश संविधान में निहित सिद्धांतों का पूरी निष्ठा से पालन करे, तो वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य साकार किया जा सकता है। संविधान सदन (पुराना संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में आयोजित संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने लंबे विचार-विमर्श और व्यापक बहस के बाद 26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकार किया, जिसने भारत को एक जीवंत लोकतंत्र के रूप में स्थापित करने की मजबूत नींव रखी। बिरला ने कहा कि भारतीय संविधान एक जीवंत और गतिशील दस्तावेज है, जो नागरिकों की आवश्यकताओं और उनके अधिकारों का ध्यान रखता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संविधान का पालन करना हर नागरिक और संस्था का कर्तव्य है, क्योंकि यही देश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि संविधान सभा द्वारा संविधान अंगीकार किए जाने की स्मृति में 2015 से हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर फर्जी भारतीय पासपोर्ट के साथ नेपाली महिला गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ओमान जाने की कोशिश कर रही एक नेपाली महिला को फर्जी भारतीय पासपोर्ट का इस्तेमाल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई आव्रजन अधिकारियों की सतर्कता के चलते संभव हो सकी। सहार पुलिस थाना क्षेत्र के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि पिछले सप्ताह यह महिला मस्कट जाने वाली उड़ान में सवार होने के लिए आव्रजन काउंटर पर पहुंची थी। उसने अपना नाम काजल बताया और भारतीय पासपोर्ट प्रस्तुत किया, जिसमें उसका जन्म स्थान नोहरा, हिमाचल प्रदेश अंकित था। अधिकारी के अनुसार, महिला की शारीरिक बनावट और बोली से शक पैदा हुआ कि वह भारतीय नहीं है। संदेह होने पर उसे विस्तृत पूछताछ के लिए संबंधित अधिकारियों के पास भेजा गया। पूछताछ में महिला ने स्वीकार किया कि वह भारतीय नहीं बल्कि नेपाल की नागरिक है।


# बिहार जीत के बाद भाजपा में मंथन: जनवरी 2026 तक मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष !

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार में भाजपा की प्रचंड जीत और सबसे बड़ी पार्टी बनने के बाद, सभी राज्यों में पार्टी के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने वाले निर्वाचक मंडल के गठन की तैयारी शुरू हो गई है। 29 राज्यों में संगठनात्मक चुनाव पूरे हो चुके हैं और केवल उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख राज्यों में ही चुनाव प्रक्रिया जारी है, ऐसे में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया निर्णायक चरण में प्रवेश कर गई है। जनवरी 2026 तक नए पार्टी प्रमुख का चयन होने की उम्मीद है।



पार्टी के एक वरिष्ठ सूत्र ने संकेत दिया कि 14 जनवरी के बाद, जब हिंदू पंचांग में अशुभ माने जाने वाले खरमास का समापन होगा और शुभ चरण शुरू होगा, प्रक्रिया में तेज़ी आएगी। भाजपा के एक शीर्ष पदाधिकारी ने कहा कि सभी तैयारियाँ और प्रक्रियाएँ राज्यों में संगठनात्मक चुनावों के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में समान रूप से आगे बढ़ रही हैं, और नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव जनवरी 2026 तक होने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि चुनावों के लिए निर्वाचक मंडलों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 29 राज्य इकाइयों में संगठनात्मक चुनाव पूरे हो चुके हैं, जबकि उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में औपचारिकताएँ अभी भी जारी हैं। इस बीच, भगवा हलकों में मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, जो वर्तमान में सेवा विस्तार पर हैं, के उत्तराधिकारी के रूप में तीन नाम चर्चा में हैं। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और शिवराज सिंह चौहान उन प्रमुख नामों में शामिल हैं जिन पर चर्चा हो रही है। इनमें से, आरएसएस और अमित शाह, दोनों के करीबी माने जाने वाले मौर्य और बिहार चुनाव अभियान के दौरान चुनाव प्रभारी रहे प्रधान, सबसे प्रमुख दावेदारों में उभरे हैं। इसी तरह, मौजूदा मोदी कैबिनेट में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने खुद को एक बेहद प्रभावी भाजपा नेता के रूप में स्थापित किया है, और हाल के वर्षों में बिहार सहित पार्टी की कई चुनावी जीत में अहम योगदान दिया है। एक वरिष्ठ सूत्र ने कहा कि अगर शाह ने रणनीति बनाई, तो प्रधान ने ज़मीनी स्तर पर उसका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया। प्रधान और शिवराज सिंह चौहान, दोनों ही इस पद के प्रबल दावेदार बन सकते हैं।

## कंगना का आरोप, विपक्ष घुसपैठियों पर मेहरबान और देश 'कैंसर' से मुक्त होना चाहता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी की सांसद कंगना रनौत ने बुधवार को विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर दी जा रही धमकियाँ बेअसर साबित होंगी। मंडी से सांसद कंगना ने कहा कि देश ने घुसपैठियों को बाहर निकालने का मन बना लिया है और पूरा राष्ट्र इस कैंसर से मुक्ति चाहता है। सांसद कंगना की यह प्रतिक्रिया पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उस टिप्पणी के बाद आई है, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को लेकर कहा था, कि मेरे साथ खेलने की कोशिश मत करो। ममता बनर्जी लगातार एसआईआर अभियान को लेकर भाजपा नीत केंद्र पर हमला बोलती रही हैं। एक बातचीत में कंगना रनौत ने कहा, देश ऐसी धमकियों से नहीं डरने वाला। जैसे शरीर में कैंसर होता है, उसी तरह देश घुसपैठियों से मुक्त होना चाहता है। लोग पूरे देश से इन घुसपैठियों को निकालना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष घुसपैठियों पर नरम है और इसीलिए एसआईआर अभियान का विरोध कर रहा है।

## वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज प्रवेश मामला: सीएम उमर बोले- ऐसे में छात्र तुर्की-बांग्लादेश पढ़ने जाएंगे



**जम्मू (एजेंसी)।** वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज में मुस्लिम छात्रों के प्रवेश को लेकर उत्पन्न विवाद ने प्रदेश की राजनीति को गर्मा दिया है। भाजपा और कुछ दक्षिणपंथी संगठनों के विरोध के बाद राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस मुद्दे पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि विरोधी पक्ष वास्तव में गैर-हिंदू छात्रों को संस्थान से बाहर रखना चाहता है, तो सरकार को इस कॉलेज को अल्पसंख्यक संस्थान घोषित कर देना चाहिए।

मुख्यमंत्री उमर ने चेतावनी देते हुए कहा, कि यदि ऐसी राजनीति जारी रही तो कश्मीरी छात्र बांग्लादेश या तुर्की जैसे देशों में पढ़ने को मजबूर हो जाएंगे। सीएम उमर का यह बयान ऐसे समय आया है, जबकि शिक्षण संस्थान में ज्यादा मुस्लिम छात्रों के प्रवेश को लेकर कुछ धामिर्क संगठनों ने विरोध दर्ज कराया था। इसके बाद दाखिले को लेकर धार्मिक पहचान को आधार बनाने वाली बात देशभर में बहस का विषय बन गई। वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अंतर्गत आता है, और विरोध करने वाले संगठनों का कहना है कि हिंदू-बहुल संस्थान में हिंदू छात्रों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# बदलाव के संकेत: सीक्रेट डील के बाद माने सिध्दारमैया, अब कर्नाटक के मुख्यमंत्री बनेंगे डीके?

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में बीते कई दिनों से चल रही सियासी उथल-पुथल के बीच अब संकेत मिल रहे हैं कि एक सीक्रेट डील के बाद मुख्यमंत्री सिध्दारमैया मान गए हैं और राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार जल्द ही नए मुख्यमंत्री बन सकते हैं। हालांकि ऐसी सियासी अटकलों के बीच एक विधायक ने दावा कर दिया, कि शिवकुमार जल्द मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। हालांकि, मंगलवार को विधायकों ने यह भी कहा कि पार्टी नेतृत्व अंतिम फैसला लेगा। साल 2023 में शिवकुमार और मौजूदा सीएम सिद्धारमैया के बीच हुए कथित समझौते के चलते राज्य में शीर्ष पद को लेकर रस्साकशी जारी है।



शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री बदलने के मुद्दे पर सार्वजनिक तौर पर बात नहीं करना चाहते, क्योंकि यह पार्टी में चार-पांच लोगों के बीच एक गुप्त समझौता है, और उन्हें अपनी अंतरात्मा पर भरोसा है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि शिवकुमार समर्थक छह विधायकों का एक समूह रविवार रात आलाकमान से मिलने दिल्ली पहुंचा था और कुछ और विधायकों के जाने की उम्मीद है। 20 नवंबर को कांग्रेस सरकार के अपने पांच वर्षीय कार्यकाल के ढाई साल पूरा होने के बाद यह चर्चा और तेज हो गई है, क्योंकि 2023 में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और शिवकुमार के बीच कथित सत्ता साझेदारी समझौते का दावा किया जा रहा है। सिद्धरमैया ने हाल ही में कहा था कि वह पूरे पांच साल के कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री बने रहेंगे और भविष्य में राज्य का बजट पेश करना जारी रखेंगे। रामनगर विधायक इकबाल हुसैन ने कहा कि सभी लोग आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे, साथ ही उन्होंने शिवकुमार के प्रमोशन पर भरोसा जताया। मीडिया रिपोर्ट्‌र्स के अनुसार, उन्होंने कहा, मैं हमेशा उस बयान के साथ हूं...। 200 फीसदी वह जल्द ही सीएम बनेंगे। हाईकमान फैसला लेगा। जैसा कि हमारे नेता (शिवकुमार) ने कहा है कि सत्ता हस्तांतरण की सीक्रेट डील 5-6 पार्टी नेताओं के बीच हुई थी और वही 5-6 लोग फैसला लेंगे। मद्दुर से विधायक केएम उदय ने कहा कि विधायकों ने आलाकमान से मंत्रिमंडल फेरबदल के दौरान नए चेहरों और युवाओं को मौका देने का अनुरोध किया है और उन्हें संकेत मिले हैं कि इस पर विचार किया जाएगा। शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग पर उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व फैसला करेगा और सभी उसका पालन करेंगे।

## मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मुद्दा फिर गरमाने की तैयारी, संतों के जरिए चलेगा अभियान

**मथुरा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद को एक बार फिर जनता के बीच लाने की रणनीति तैयार हो रही है। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस मुद्दे से सीधे तौर पर नहीं जुड़ेंगे, लेकिन संत समाज के माध्यम से इसे धार्मिक-सामाजिक आंदोलन का रूप देने की योजना है। हाल ही में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की दिल्ली से वृंदावन तक की विशाल पदयात्रा को इसी कड़ी का पहला कदम माना जा रहा है।

भाजपा और संघ ने वैचारिक स्तर पर अयोध्या के साथ-साथ काशी विश्वनाथ और मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मुद्दे का हमेशा समर्थन किया है, लेकिन अयोध्या की तरह काशी-मथुरा को कभी पार्टी या संघ का आधिकारिक राजनीतिक-संगठनात्मक एजेंडा नहीं बनाया। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पिछले दिनों स्पष्ट किया था कि संघ के एजेंडे में सिर्फ अयोध्या था, मथुरा नहीं। फिर भी उन्होंने यह भी जोड़ा कि यदि कोई स्वयंसेवक व्यक्तिगत रूप से ऐसे किसी आंदोलन से जुड़ता है तो वह स्वतंत्र है। सूत्रों का कहना है कि अब मथुरा के मुद्दे को अदालती प्रक्रिया के साथ-साथ संतों के जरिए जनजागरण के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। बागेश्वर बाबा की पदयात्रा से यह संकेत मिल गया है कि भगवान कृष्ण के नाम पर ब्रज क्षेत्र में लोगों की भावनाएं कितनी तीव्र हैं। यात्रा में बड़ी संख्या में संतों के साथ-साथ कई राजनेता भी शामिल हुए थे। अब इस भावना को व्यवस्थित रूप से कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के पक्ष में मोड़ा जा सकता है।

इस रणनीति का एक बड़ा लाभ यह भी है कि कृष्ण जन्मभूमि का मुद्दा यादव समाज को भी जोड़ सकता है, जो खुद को श्रीकृष्ण का वंशज मानता है। इससे समाजवादी पार्टी की राजनीतिक मुश्किलें बढ़ सकती हैं, क्योंकि उसका सबसे मजबूत आधार यादव वोट बैंक ही है। इसी क्रम में मंगलवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ब्रज क्षेत्र में अपनी सक्रियता दिखाई। वे हेलीकॉप्टर से बरसाना पहुंचे और सबसे पहले माताजी गौशाला में गौसेवा की। इसके बाद रोप-वे से राधारानी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और माथा टेका। वहां मौजूद संतों, भाजपा कार्यकर्ताओं और भक्तों ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया। गडकरी इसके बाद गुजरात के प्रसिद्ध कथावाचक पद्मश्री रमेश बाबा की चल रही भागवत कथा में शामिल हुए और उनसे आध्यात्मिक संवाद किया। उन्होंने कहा, ÷बरसाना केवल भक्ति का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा का स्रोत भी है। यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा पूरे देश को दिशा दे सकती है। ब्रज क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री की यह यात्रा और संतों से मुलाकातें भी आगामी दिनों में बन रही नई धार्मिक-सामाजिक समीकरण की ओर इशारा कर रही हैं।

## बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर पीएमओ ने इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश

### -मानदंडों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहनों की जांच और उन पर कार्रवाई की जाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में लगातार बढ़ते प्रदूषण के बीच सरकार कई कदम उठा रही है। कुछ दिन पहले ही राजधानी में ग्रैप-3 लागू किया है। अब पीएमओ ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए अधिकारियों को दोहरी रणनीति पर काम करने का निर्देश दिया है। पीएमओ ने एक उच्च-स्तरीय बैठक की, जिसकी अध्यक्षता पीएम के प्रधान सचिव ने की और प्रदूषण से निपटने के लिए कई सख्त निर्देश दिए। यह बैठक ऐसे समय में हुई जब राजधानी की हवा की गुणवत्ता चिंता का विषय बनी हुई है। पीएमओ ने अधिकारियों को दो मुख्य मोर्चों पर तेजी से काम करने का निर्देश दिया। अधिकारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि प्रदूषण फैलाने वाले और उत्सर्जन मानदंडों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहनों की जांच और उन पर कार्रवाई की जाए। केंद्र सरकार दिल्ली की सड़कों पर इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाना चाहती है, इसलिए चर्चा का एक अहम हिस्सा ईवी पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार पर केंद्रित था। पीएमओ ने अधिकारियों को चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, चार्जिंग स्टेशन और सब्सिडी पर तेजी से प्रगति करने का निर्देश दिया। पीएमओ ने यह भी निर्देश दिया कि पारंपरिक पेट्रोल और डीज़ल वाहनों पर निर्भरता कम की जाए। यह कदम दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत दिल्ली के परिवहन को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाएगा।



# पुलिस हिरासत में मौतें व्यवस्था पर कलंक, अब बर्दाश्त नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में पुलिस हिरासत में बढ़ती मौतों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी की है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने मंगलवार को कहा कि पुलिस कस्टडी में हिंसा और मौतें भारतीय न्याय प्रणाली पर एक कलंक है और अब देश इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा। अदालत पुलिस थानों में कार्यशील सीसीटीवी कैमरों की कमी से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसे सर्वोच्च अदालत ने सितंबर में मीडिया रिपोर्ट के आधार पर स्वत-संज्ञान में लिया था।



सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा, कि रिपोर्टों के अनुसार 2025 के पहले आठ महीनों में राजस्थान में पुलिस हिरासत के दौरान 11 लोगों की मौत हुई, जिसमें से 7 मामले केवल उदयपुर जिले से जुड़े थे। कोर्ट ने याद दिलाया कि 2018 में उसने स्पष्ट आदेश दिया था कि हिरासत के दौरान मानवाधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इसी के साथ ही अदालत ने कहा, अगर पुलिस थानों में कैमरे ही नहीं चल रहे, या लगे ही नहीं हैं, तो यह आदेश की सीधी अवहेलना है। हिरासत में मौतें किसी भी सभ्य समाज में अस्वीकार्य हैं।

### केंद्र से पूछा—अनुपालन हलफनामा कहाँ है?

सुनवाई के दौरान बेंच ने केंद्र सरकार से यह भी पूछा कि आज तक अनुपालन हलफनामा क्यों दाखिल नहीं किया गया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र तीन सप्ताह के भीतर रिपोर्ट जमा करेगा। वहीं सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ दवे, जो 2020 के एक अन्य मामले में अमिकस क्यूरी के रूप में सहायता कर रहे हैं, ने बताया कि केवल 11 राज्यों ने ही अब तक सीसीटीवी लगाने के संबंध में अनुपालन हलफनामा दिया है। न तो सभी राज्यों ने और न ही कई केंद्रीय एजेंसियों ने कोर्ट के आदेशों का पूर्ण पालन किया है।

### सीबीआई, ईडी, एनआईए दफ्तरों में भी कैमरे अनिवार्य

कोर्ट ने याद दिलाया कि उसके 2020 के आदेश में सीबीआई, ईडी और एनआईए जैसी जांच एजेंसियों के दफ्तरों में भी सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया गया था। अदालत ने कहा कि जांच एजेंसियों को भी मानवाधिकार मानकों का पालन करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने सभी शेष राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तीन सप्ताह का समय दिया है। मामला अब 16 दिसंबर को फिर से सुना जाएगा। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि यदि तब तक हलफनामा नहीं दिया गया, तो संबंधित राज्य/यूटी के गृह विभाग के प्रमुख सचिव को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा।

## मां काली की मूर्ति को मदर मैरी की तरह सजाया, लोगों ने किया बवाल

### -धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप, मंदिर का पुजारी गिरफ्तार

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के चेंबूर में काली मंदिर में पूजा करने वाले लोगों ने देवी की मूर्ति को मदरमैरी जैसा दिखाने पर तोड़-फोड़ कर दी थी। पुलिस ने मंदिर के पुजारी को गिरफ्तार कर लिया और जांच शुरू कर दी है। यह घटना शनिवार को अनिक गांव में हिंदू श्मशान घाट के अंदर बने कालीमंदिर में हुई। एक फोटो में देवी की मूर्ति को सुनहरे कपड़े पहने और सफेद सजावट वाला एक बड़ा मुकुट पहने और ऊपर एक खास सुनहरा क्रॉस लगा दिया गया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक काली माता के विग्रह को मदर मरियम के रूप में श्रृंगार करने का वीडियो प्रसारित होने के बाद पुजारी को गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उपनगरीय चेंबूर के मंदिर में काली माता की मूर्ति को मदर मैरी के रूप में दिखाया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को मंदिर दर्शन करने गए श्रद्धालु यह देखकर दंग रह गए कि मां काली के विग्रह को ईसाई धर्म के संस्थापक ईसा मसीह की माता जैसी पोशाक पहनाई गई है।

उन्होंने स्थानीय पुलिस से संपर्क किया और देवी की पोशाक में हुए बदलाव के बारे में बताया। अधिकारी के मुताबिक श्रद्धालुओं ने जब मंदिर के पुजारी रमेश से इस बारे में पूछताछ की तो उसने दावा किया कि मां काली उसके सपने में आई थीं और उन्होंने ही उसे ''मां मैरी के रूप में उनका श्रृंगार करने'' का निर्देश दिया था। पुलिस ने बताया कि एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में पुजारी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसने बताया कि इसके बाद पुजारी को गिरफ्तार कर स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस अब यह पता लगा रही है कि क्या घटना के पीछे कोई संगठित मकसद था या इसमें और लोग भी संलिप्त थे।

# कृषि विभाग ने की बड़ी कार्यवाही: उर्वरक की काला बाजारी पर निलंबित किया दुकान का लाइसेंस

## काला बाजारी रोकने में प्रशासन सक्रिय, आगे भी जारी रहेगी कार्यवाही

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

मंगरोप में अधिक दर पर यूरिया बेचने पर गुरुवार को एक प्रतिष्ठान का लाईसेंस निलम्बित किया गया। संयुक्त निदेशक कृषि (वि) जिला परिषद, अधिसूचित प्राधिकारी एवं अनुज्ञापन अधिकारी विनोद कुमार जैन ने बताया कि किसानो को उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य को लेकर लगातार कार्यवाही जारी है साथ ही अनियमितता करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है, जिसके लिए उर्वरक नियन्त्रण आदेश 1985 के तहत



अधिक दर रात्रि को यूरिया डीएपी उर्वरक वितरण करने, विभागीय दिशा निर्देशो की अवहेलना करने पर मैसर्स सोहन लाल रमेश चन्द डाड मंगरोप द्वारा यूरिया उर्वरक को निर्धारित दर से अधिक दर पर विक्रय करने पर उर्वरक नियन्त्रण आदेश 1985 के तहत खण्ड 3(3) का उल्लंघन करने पर उर्वरक नियन्त्रण आदेश के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए निलम्बित किया है।

उन्होंने बताया कि 25 नवम्बर को रात्रि को मैसर्स सोहन लाल रमेश चन्द डाड मंगरोप से सम्बन्धित कृषि पर्यवेक्षक द्वारा भौतिक सत्यापन पर पॉश मशीन में शून्य यूरिया बताया एवं रात्रि को ग्रामीणों को यूरिया उर्वरक 400 से 500 रुपये में एवं डीएपी को 1700 रुपये में काला बाजारी कर बेचने की शिकायत मिली, जिसका विरोध ग्रामीणों ने किया एवं उच्चाधिकारियों को प्राप्त शिकायत पर सहायक निदेशक कृषि दो धीरेन्द्र सिंह राठौड़, कृषि अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर, सहायक कृषि अधिकारी प्रहलाद सहाय सारस्वत की टीम ने मौके पर जाकर जांच करने पर पाया कि रात्रि को उक्त फर्म द्वारा अधिक दर पर किसानों के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नही की जायेगी।

यदि कोई दुकानदार निर्धारित दर से अधिक मूल्य वसूलने, कृषि आदान का पक्का बिल नही देने पर जिला स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम पर शिकायत दर्ज कराये या संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार को लिखित या मौखिक सूचना देने पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी। जैन ने बताया कि यूरिया की आपूर्ति अनवरत जारी है किसान एक साथ यूरिया क्रय करने के स्थान अभी आवश्यकतानुसार ही यूरिया खरीदे, साथ ही नैनो तकनीक के नैनो यूरिया का उपयोग भी ले सकते है।

# टंकण गति परीक्षा के लिए 15 दिसंबर तक करे आवेदन

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रित, ऐसे कर्मचारी जिनकी नियुक्ति 31 दिसंबर 2022 से पूर्व हुई हो तथा उनके द्वारा अभी तक टंकण परीक्षा उतीर्ण नही की है, को जिला स्तर पर आयोजित होने वाली आगामी दो टंकण परीक्षाओं में बैठने के लिए दो और अतिरिक्त अवसर प्रदान किए गए है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री रणजीत सिंह ने जिले के समस्त विभागध्यक्षों व कार्यालयध्यक्ष को निदेशित किया कि वे 31 दिसंबर 2022 पूर्व नियुक्त ऐसे मृतक आश्रित कर्मचारी जिनके द्वारा अभी तक टंकण परीक्षा उतीर्ण नही की है। वे अपने आवेदन पत्र जिला कार्यालय की वेबसाइट https://bhilwara.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर आवेदन पत्र की समस्त पूर्तियां कर 15 दिसंबर को सायं 5 बजे तक जिला कलक्टर कार्यालय को प्रेषित करें। तथा ऐसे अभ्यर्थी (31 दिसंबर 2022 के पश्चात नियुक्त कर्मचारी) जिन्होंने माह जनवरी 2026 में आयोजित होने वाली टंकण गति परीक्षा हेतु अभी तक आवेदन पत्र प्रेषित नहीं किये वे अपने आवेदन वेबसाइट से डाउनलोड कर समस्त पूर्ति कर 15 दिसंबर तक 2025 तक प्रेषित करें। 15 दिसंबर के पश्चात प्राप्त वाले आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा। अनुकम्पात्मक नियुक्ति प्राप्त कनिष्ठ सहायक आगामी टंकण गति परीक्षा जनवरी 2026 में शामिल होना चाहते है वे कम्प्यूटर टंकण परीक्षा आवेदन पत्र उचित माध्यम से 15 दिसंबर को सायं 5 बजे तक जिला कलक्टर कार्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाएं। जिससे उन्हें प्रथम अवसर की परीक्षा में शामिल किया जा सके।

# भीलवाड़ा पुलिस की बड़ी कामयाबी: अंतरराज्यीय मेवात गैंग का 15 हजार का इनामी सरगना ‘नासिर लंगड़ा’ साथी सहित गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल । भीलवाड़ा

जिले में वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत भीलवाड़ा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। रायपुर थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए डम्पर/ट्रेलर चोरी करने वाली कुख्यात अंतरराज्यीय मेवात गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गैंग के मुख्य सरगना और 15,000 रुपये के इनामी बदमाश नासिर लंगड़ा समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर चोरी गया 50 लाख रुपये कीमत का डम्पर भी बरामद कर लिया गया है।



### घटना का विवरण

पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि दिनांक 18 नवंबर 2025 को परिवादी राजेन्द्र चौधरी (निवासी झाडोल, थाना अराई, अजमेर) ने रायपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट के अनुसार, 17 नवंबर की रात को उन्होंने अपना डम्पर (आर.जे.14 जी.आर 7940) ग्राम थला में घर के बाहर खड़ा किया था, जो देर रात चोरी हो गया।

### जीपीएस तोड़कर करते थे चोरी

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि यह गैंग बेहद शातिर है। आरोपी वाहन चोरी करते ही सबसे पहले गाड़ी का जीपीएस सिस्टम और असली नंबर प्लेट तोड़ देते थे। इसके बाद पुलिस की नाकाबंदी से बचने के लिए फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहनों को मेवात क्षेत्र की ओर ले जाते थे।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गैंग के सरगना नासिर हुसैन उर्फ लंगड़ा (45) पुत्र सदीक, निवासी फिरोजपुर झिरका (नूंह, हरियाणा) और उसके साथी मोसिम (28) पुत्र इब्राहिम, निवासी नोगांवा (अलवर) के रूप में हुई है। नासिर पर पुलिस ने 15 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

### सराहनीय भूमिका: पुलिस टीम

यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री बुद्धराज खटीक और वृताधिकारी श्री सुदर्शन पालीवाल के सुपरविजन में की गई। टीम का नेतृत्व रायपुर थानाधिकारी श्री अर्जुनलाल गुर्जर ने किया। इस खुलासे में साइबर सेल के हेड कांस्टेबल चन्द्रपाल सिंह का विशेष योगदान रहा। टीम में साइबर सेल इंचार्ज आशीष मिश्रा, हेड कांस्टेबल जगदीश लाल, कांस्टेबल दिलीप सिंह, भूपेन्द्र सिंह, अनिल कुमार, रामनारायण और जितेन्द्र सिंह शामिल थे।

## जिले में अवैध रूप से पेड़ काटने व अवैध कोयला कारोबार पर जिला प्रशासन सख्त

# कलेक्टर ने आदेश जारी कर 10 अधिकारियों व कार्मिकों के विरुद्ध 16 सीसीए की कार्रवाई, 4 को किया निलंबित

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

जिले में राजकीय भूमि और जंगलों पर अवैध रूप से पेड़ काटने के मामलों में जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने तीन अलग-अलग प्रकरणों में कुल 10 कार्मिकों के विरुद्ध राजस्थान सिविल सेवा नियम 1958 के नियम 16 (सीसीए ) के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की है। इनमें से 4 कार्मिकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जिला कलेक्टर ने ' बनेड़ा क्षेत्र में बिना नीलामी हजारों पेड़ काटे व सबूत मिटाने के लिए ट्रैक्टर को गायब करने' संबंधी मामला सामने आने पर विभागीय जांच करवाई । जांच में दोषी पाए जाने पर भू अभिलेख निरीक्षक देवकरण टॉक व पटवारी (हल्का बामणिया) भगवत लाल जाट को निलंबित किया गया साथ ही 16 सीसीए के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई भी जारी है एवं तहसीलदार बनेड़ा श्री संतोष कुमार सुनारीवाल के विरुद्ध भी 16 सीसीए के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

जिला कलेक्टर को ' आसींद क्षेत्र के नारायणपुरा गांव के 200 बीघा जंगल में अवैध रूप से पेड़ कटवाने व अवैध तरीके से कोयला माफिया से मिलीभगत कर कोयला बनाकर बाहर भेजने' संबंधी प्रकरण सामने आया जिस पर जिला कलेक्टर द्वारा जांच करवाई गई ।

जिला कलेक्टर ने भू अभिलेख निरीक्षक नरेश नाथ योगी व पटवारी दूल्हेपुरा गारंती बाई मीणा को निलंबित किया साथ ही 16 सीसीए के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई भी जारी है एवं तहसीलदार आसींद श्री जयसिंह के विरुद्ध भी 16 सीसीए के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

जिला कलेक्टर को 'जहाजपुर क्षेत्र में 300 बीघा बिलानाम भूमि पर बबूल के पेड़ काटने व अवैध कोयला कारोबार' से संबंधित मामला सामने आया जिसमें विभागीय जांच करवाई गई। जांच में दोषी पाये जाने पर तहसीलदार जहाजपुर रवि कुमार मीणा, नायब तहसीलदार खजूरी बद्रीलाल मीणा, भू अभिलेख निरीक्षक अशोक कुमार धाकड़ व पटवारी हल्का किशनगढ़ अंकित कुमार गुप्ता के विरुद्ध 16 सीसीए के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

जिला कलेक्टर ने कहा कि राजकीय संपत्ति और प्राकृतिक संसाधनों के साथ किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संरक्षण व राजस्व भूमि सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और भविष्य में भी इस तरह की घटनाओं पर तत्काल सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# चित्तौड़गढ़ में ‘शोले’ जैसा ड्रामा: प्रेमिका से शादी की जिद्द पर टावर पर चढ़ा युवक



स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

शहर के मौसम विभाग कार्यालय परिसर में गुरुवार को फिल्मी स्टाइल में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। एक सिरफिरा प्रेमी अपनी प्रेमिका से शादी करवाने की मांग को लेकर करीब 100 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक के टावर पर चढ़ते ही वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और पुलिस-प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए।

आत्महत्या की धमकी जानकारी के अनुसार, युवक का नाम गोविंद बताया जा रहा है। वह टावर की चोटी पर जाकर बैठ गया और चिल्लाने लगा कि अगर उसकी प्रेमिका से उसकी शादी नहीं करवाई गई और मौके पर कलेक्टर-एसपी नहीं आए, तो वह कूदकर जान दे देगा। सूचना मिलते ही सदर और कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम ने उसे नीचे उतारने की काफी कोशिश की, लेकिन वह किसी की सुनने को तैयार नहीं था।

दोस्त बना संकटमोचक जब पुलिस की सारी कोशिशें नाकाम हो गईं, तो पुलिस ने युवक के एक करीबी दोस्त को मौके पर बुलाया। दोस्त ने लाउडस्पीकर से उसे समझाया और फिर खुद टावर पर चढ़कर उसे ‘दोस्ती की कसम’ दी। दोस्त की कसम और भावुक अपील काम कर गई और करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर शांतिभंग में कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गिव अप’ अभियान में भीलवाड़ा में रिकॉर्ड 2 लाख 24 हजार 426 लोगों ने किया एनएफएसए लाभ का त्याग

## 31 दिसम्बर 2025 तक गिव अप नहीं करने पर होगी कार्यवाही

स्मार्ट हलचल| भीलवाडा

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा प्रारंभ किया गया ‘गिव अप अभियान’ रोज नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भीलवाड़ा जिले ने इस अभियान में अव्वल रहते हुए अबतक 2 लाख 24 हजार 426 लोगों से ‘गिव अप’ करवाकर ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। ईकेवाईसी के माध्यम से 76667 लोग भी एनएफएसए योजना से हटे हैं। इस प्रकार कुल 301093 अपात्र लोगों को एनएफएसए योजना से हटाया गया। इन अपात्र लोगो के हटने से 245799 पात्र किन्तु वंचित लोगों को एनएफएसए योजना में जोड़ने में जिले को सफलता मिली है। एक ओर जहां एनएफएसए योजना से हटाये लोगों पर वहन होने वाली खाद्य, गैस, बीमा, चिकित्सा सब्सिडी से बचत होगी वहीं दूसरी ओर नये एनएफएसए लाभार्थियों को इन चार योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। ‘

गिव अप’ योजना के तहत चार पहिया वाहन मालिकों, सरकारी कार्मिकों, आयकर दाताओं तथा 01 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले लोगों ने एनएफएसए लाभ का त्याग कर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया है। ‘गिवअप’ अभियान ने समाज में जागृति पैदा की है एवं लोग भारी संख्या में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन ‘गिव अप’ कर सामाजिक कर्त्तव्य का निर्वहन कर मिसाल कायम कर रहे हैं।

इस अभियान में समाज के हर वर्ग के लोगों, जनप्रतिनिधियों एवं सोशियल, प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। खाद्य विभाग के कार्मिकों एवं उचित मूल्य दुकानदारों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में यह योजना 31 दिसम्बर 2025 तक के लिए है। 31 दिसम्बर 2025 तक स्वेच्छा से गिव अप नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों से 01 जनवरी 2026 से 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम गेहूँ की दर से खाद्यान्न वसूली की जायेगी।

# समर्थन मूल्य पर मूंग, मूंगफली, उड़द एवं सोयाबीन की खरीद शुरू

## जिले में 27 क्रय केन्द्र स्थापित

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग (8768 रूपये प्रति क्विंटल) मूंगफली (7263 रूपये प्रति क्विंटल) उडद (7800 रूपये प्रति क्विंटल) एवं सोयाबीन (5328 रूपये प्रति क्विंटल.) खरीद के लिए भीलवाडा, बिजौलिया, गुलाबपुरा, रायपुर, आसीन्द, गंगापुर, माण्डल, शाहपुरा, जहाजपुर, बनेडा, कोटडी मे क्रय विक्रय सहाकारी समितियो एवं बिजौलियों के उपकेन्द्र माण्डलगढ एवं काछोला एवं गुरला, महुआ, बिगोद, बोरखेडा, मोखमपुरा, पालडी, अण्टाली, बदनोर, पडासोली, कोशिथला, पोटला, बागौर, जोरावरपुरा, करेडा, चिल्लेशवर, ढिकोला, फुलियॉकलां, सांगरियां, बच्चखेडा, पण्डेर, खजुरी, शक्करगढ, सरदारशहर, बडलियास ग्राम सेवा सहकारी समितियो में कुल 27 क्रय केन्द जिले मे स्थापित किये गये है।

राजफैड अजमेर के क्षेत्रीय अधिकारी गौरव सेन ने बताया कि खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालन के लिए राजफैड जयपुर द्वारा पंजीकृत किसानों को अपनी जिन्स निर्धारित दिनांक को तुलवाने के लिए मेसेज दिये जाते है। किसान अपनी जिन्स (एफ.ए.क्यू. मापदण्ड अनुसार) खरीद केन्द्र पर विक्रय करने हेतु निर्धारित दिनांक को पहुंचें। यदि किसान किसी कारणवश निर्धारित दिनांक को क्रय केन्द्र पर अपनी जिन्स विक्रय नही कर पाता है तो वह 10 दिवस की अवधि अपनी जिन्स कभी भी तुलवा सकता है। 10 दिवस की अवधि पश्चात जिन्स की तुलवाई नही करवाई जा सकेगी। किसान अपनी कृषि जिन्स के सम्बन्ध मे राजफैड जयपुर हेल्पलाइन नम्बर 18001806001 पर सम्पर्क कर सकता है।

# बहू की हत्या की आरोपित सास को आजीवन कारावास और 60 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित

स्मार्ट हलचल| पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** विशिष्ट न्यायाधीश (महिला उत्पीडन प्रकरण) ने गुरुवार को बहू की हत्या के मामले में आरोपित सास प्यारी देवी को आजीवन कारावास के साथ 60 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

विशिष्ट लोक अभियोजक अदिती सेठिया के अनुसार, 20 अक्टूबर 2017 को कल्याणपुरा निवासी पप्पूलाल ने कोटड़ी थाना पुलिस में ककरोलिया माफी निवासी प्यारी बाई पत्नी राजूलाल तेली और अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया कि परिवादी की बहन निर्मला उर्फ निरमा कुमारी की शादी मनीष कुमार तेली से हुई थी और पति, ससुर राजू लाल तेली तथा सास प्यारी देवी द्वारा उसे लगातार दहेज और अन्य प्रलोभनों के लिए प्रताडित किया जा रहा था।



20 अक्टूबर 2017 से लगभग 18 दिन पहले निर्मला के ससुर ने फोन कर कहा कि घर पर काम है, इसलिए निर्मला को ककरोलिया माफी भेज दिया गया। 16 अक्टूबर 2017 को निर्मला को मारकर गांव के पास कुए में फेंक दिया गया। परिवार को गलत जानकारी दी गई कि निर्मला कहीं और चली गई। बाद में उसकी लाश कुए में तैरती मिली और शव पर चोट के निशान पाए गए। पुलिस ने दहेज प्रताडना और दहेज हत्या का केस दर्ज कर जांच की। अनुसंधान के बाद चार्जशीट न्यायालय में पेश की गई। ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष ने 37 दस्तावेज और 16 गवाहों को पेश कर आरोप सिद्ध किए। सुनवाई पूरी होने पर न्यायाधीश ने सास प्यारी देवी को हत्या के आरोप में आजीवन कारावास और 60 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

# कोतवाली पुलिस का एक्शन: 3 साल से फरार हिस्ट्रीशीटर हनुमान धाकड़ गिरफ्तार, बिना नंबर की स्कॉर्पियो जब्त

## हलेड़ तिराहे से दबोचा, गाड़ी के शीशों पर चढ़ी थी काली फिल्म, आरोपी पर हत्या और जानलेवा हमले सहित 11 गंभीर मुकदमे दर्ज

स्मार्ट हलचल । भीलवाड़ा

शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने 3 साल से फरार चल रहे कोतवाली थाने के हिस्ट्रीशीटर और स्थाई वारंटी हनुमान धाकड़ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक बिना नंबर की स्कॉर्पियो भी जब्त की है, जिसके शीशों पर अवैध रूप से काली फिल्म चढ़ी हुई थी।

### ऐसे चढ़ा पुलिस के हत्थे

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देश और एएसपी (मुख्यालय) पारस जैन व एएसपी हेमंत कुमार के सुपरविजन में एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान कोतवाली थानाधिकारी सुनील चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम को मुखबिर से सूचना मिली। टीम ने तत्परता दिखाते हुए हलेड़ तिराहे पर नाकाबंदी कर एक संदिग्ध स्कॉर्पियो को रुकवाया। कार में सवार 27 वर्षीय हनुमान धाकड़ (निवासी हनुमान कॉलोनी) को पुलिस ने मौके से ही गिरफ्तार कर लिया।

### संगीन अपराधी है हनुमान

पुलिस के अनुसार, हनुमान धाकड़ कोतवाली थाने का नामी हिस्ट्रीशीटर है। वह पिछले तीन साल से पुलिस को चकमा दे रहा था। उसके खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या का प्रयास,



अवैध हथियार रखने, धोखाधड़ी और मारपीट जैसे 11 संगीन मामले दर्ज हैं।

### काली फिल्म लगी गाड़ी जब्त

गिरफ्तारी के वक्त आरोपी जिस स्कॉर्पियो कार में घूम रहा था, उस पर नंबर प्लेट नहीं थी और शीशों पर काली फिल्म चढ़ी हुई थी, जो अक्सर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल की जाती है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है।

### इस टीम को मिली सफलता

इस कार्रवाई में कॉन्स्टेबल चंद्रभान (1048) का विशेष योगदान रहा। पुलिस टीम में थानाधिकारी सुनील चौधरी के साथ हेड कॉन्स्टेबल मुकेश कुमार, गोविंद सिंह, कॉन्स्टेबल संजय जीनगर और धर्मेंद्र धायल शामिल थे।

### अपराध का ग्राफ:

नाम: हनुमान धाकड़ (27 वर्ष)
स्टेटस: हिस्ट्रीशीटर व स्थाई वारंटी
फरारी: 3 साल से
क्रिमिनल रिकॉर्ड: 11 मुकदमे (हत्या, आर्म्स एक्ट, धोखाधड़ी)

## निंबाहेड़ा पुलिस को बड़ी सफलता

# गुजरात से सोने-चांदी के जेवरात चुराने वाला वांछित चोर ‘नरेंद्र कंजर’ गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ‘ऑपरेशन सुदर्शन चक्र’ के तहत निंबाहेड़ा कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने गुजरात के मेहसाणा जिले में हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले में फरार चल रहे एक शातिर आरोपी को दबोच लिया है।

क्या है मामला? पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि आईजी (उदयपुर रेंज) के निर्देश पर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में निंबाहेड़ा कोतवाली थानाधिकारी रामसुमेर मीणा की टीम को सूचना मिली कि गुजरात का एक वांटेड अपराधी क्षेत्र में घूम रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नरेंद्र पिता सोजीराम कंजर (निवासी बिशनिया, हाल मुकाम मांगरोल) को गिरफ्तार कर लिया।गुजरात पुलिस को किया सुपुर्द आरोपी नरेंद्र कंजर पर गुजरात के मेहसाणा में सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी करने का आरोप है और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। निंबाहेड़ा पुलिस ने कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को मेहसाणा (गुजरात) क्राइम ब्रांच की टीम के हवाले कर दिया है।

# मांडलगढ़ में यूरिया के लिए मारामारी: पुलिस के पहरे में बंटे कट्टे, 3 घंटे में ही स्टॉक हुआ 'नील'

## सुबह 8 बजे से कतार में लगे किसान, दो कट्टे खाद के लिए घंटों करना पड़ा इंतजार

स्मार्ट हलचल



**गेणोली/मांडलगढ़।** क्षेत्र में रबी की बुवाई और फसलों की पिलाई का दौर शुरू होते ही यूरिया खाद की किल्लत ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। हालात यह हैं कि अन्नदाता को दो कट्टे खाद के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है और पुलिस के पहरे में वितरण करना पड़ रहा है।

गुरुवार को मांडलगढ़ क्रय-विक्रय सहकारी समिति में यूरिया के 560 बैग की आपूर्ति हुई। इसकी भनक लगते ही सुबह 8 बजे से ही समिति कार्यालय के बाहर किसानों का जमावड़ा लग गया। कतारों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी अपने नंबर का इंतजार करती दिखीं। भीड़ बढ़ती देख व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी।

सुबह 11 बजे पुलिस और कृषि पर्यवेक्षक की निगरानी में खाद वितरण शुरू हुआ। प्रत्येक किसान को आधार कार्ड पर 2-2 कट्टे यूरिया दिया गया। मांग इतनी अधिक थी कि मात्र 3 घंटे के भीतर ही 560 बैग का पूरा स्टॉक खत्म हो गया और कई किसान मायूस लौटे।

### गेणोली के किसानों को झटका

इधर, मांडलगढ़ क्षेत्र की ग्राम सेवा सहकारी समिति गेणोली के किसानों के लिए निराशाजनक खबर है। इफको प्रतिनिधि लालाराम चौधरी ने बताया कि इस बार गेणोली समिति में यूरिया खाद उपलब्ध नहीं करवाया जाएगा।

### स्थाई समाधान की मांग

किसानों का कहना है कि गेहूं और अन्य फसलों के लिए अभी खाद की सख्त जरूरत है। सीमित सप्लाई और बढ़ती मांग के चलते भारी परेशानी हो रही है। किसानों ने प्रशासन से खाद की आपूर्ति बढ़ाने और समस्या के स्थाई समाधान की मांग की है।

# सुवाणा में शमशान वाले रास्ते में सड़क को आधा अधूरा छोड़ा, आमजन त्रस्त



स्मार्ट हलचल| उदलियास

सुवाणा में शमशान वाले रास्ते में चंबल पेयजल वाले ने कई दिनों पहले सड़क को खोद कर चले गए जिससे अब गुरुवार को सड़क काम चालू कर थे ग्रामीणों ने लगाई रोक ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क पहले पूर्ण रूप से बनी हुई थी जिससे अब यह सड़क आधी अधूरी बनाने के लिए आए थे इसलिए हमने रोक लगाई पहले की सड़क 8 इंच की थी और अब यह बहुत ही कम सड़क बना रहे थे बारिश के दिनों में शमशान जाने के लिए इस रास्ते से हम लोग परेशान हो रहे थे अब यह सड़क वालों ने आधी दूरी सड़क बना रहे थे और इसी सड़क के करण ग्रामीणों में आक्रोश है और इसकी कार्रवाई करने की और सही सड़क बनाने की मांग की सड़क के कार्तिकेयन ने परिचय देने से किया मना ओर बोले कि में काम करना जानता हु और आप काम बताने की कोशिश ना करें मेरा काम मुझे कैसे करना है वो मुझे पता है।

# खेत पर रखवाली करने गए युवक की जहरीले जानवर के काटने से मौत

स्मार्ट हलचल

विक्रम सिंह। काछोला थाना क्षेत्र के थल गांव में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया गांव के विजेश पुत्र शिवलाल तेली की खेत पर ही जहरीले जानवर के काटने से मौत हो गई ग्रामीण हरीश चौधरी संपत शर्मा ने बताया कि विजेश सुबह खेत पर जानवरों की रखवाली करने गया था, लेकिन देर तक वापस घर नहीं लौटा चिंता होने पर परिजन खेत पर पहुंचे, जहां विजेश अचेत अवस्था में पड़ा मिला ग्रामीण हरीश चौधरी व परिजन तुरंत उसे काछोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया घटना की पुष्टि करते हुए काछोला थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने घटना की जानकारी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# यूरिया खाद के लिए किसानों की भागम भाग



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** रबी के सीजन की साथ ही सरसों, गेहूं, चना की फसल के लिए यूरिया खाद के सख्त जरूर होने से क्षेत्र के किसानों को खाद की बड़ी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है, गत दिनों कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा सवाईपुर से होकर गुजरे, इस दौरान ग्रामीणों व विभिन्न संगठनों द्वारा कृषि मंत्री मीणा को यूरिया व डीएपी की कमी से अवगत कराया तथा किसानों ने मांग की कि यदि समय पर किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हुआ, तो रबी की फसल की पैदावार में असर पड़ेगा । सवाईपुर कस्बे सहित कोटड़ी, जीवा का खेड़ा, बड़लियास में यूरिया खाद की रेक पहुंची, गुरूवार को खाद का वितरण किया गया लेकिन घंटों लाइन में लगने के बाद भी बड़ी मुश्किल से किसानों को एक या दो कट्टे यूरिया खाद मिला जो किसानों के लिए पर्याप्त नहीं थी । क्षेत्र के बड़लियास गांव में तो किसानों को यूरिया खाद के लिए इस दफ्तर से उसे दफ्तर तक भागम भाग करनी पड़ी, महिलाएं भी बड़ी संख्या में खाद लेने पहुंची, जो खाद के लिए दौड़ लगाती हुई दिखी । खाद की कमी के चलते कई किसानों को बिना खाद लिए घर लोटना पड़ा।

# भीलवाड़ा में धर्म संस्कृति राष्ट्र जागरण महोत्सव 28 दिसम्बर से

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** धर्मनगरी भीलवाड़ा में अन्तरराष्ट्रीय श्री रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के तत्वावधान में दिव्य 33वां आचार्यश्री पाटोत्सव एवं रामस्नेही चिकित्सालय भीलवाड़ा रजत जयंति महोत्सव के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय धर्म संस्कृति राष्ट्र जागरण महोत्सव का आयोजन 28 दिसम्बर से होने जा रहा है। भीलवाड़ा में माणिक्यनगर स्थित रामद्वारा में अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर पूज्य आचार्य श्री रामदयालजी महाराज के सानिध्य में होने वाले इस विराट भव्य गरिमापूर्ण धार्मिक आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। पांच दिवसीय आयोजन में देश के प्रमुख धर्म गुरूओं के साथ कई संत महात्मा भी शामिल होंगे। प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक विशेष कार्यक्रम के साथ शाम 7 बजे से नानी बाई का मायरा कथा का आयोजन होगा। इसके लिए रामस्नेही संत जगवल्लभ रामजी महाराज के निर्देशन में आयोजन समिति द्वारा तैयारियां की जा रही है। पांच दिवसीय आयोजन का आगाज 28 दिसम्बर को सुबह 9 बजे गजाधर मानसिंहका धर्मशाला से रामद्वारा तक निकलने वाली भव्य शोभायात्रा से होंगा। हाथी,घोड़ा, उंट पालकी, अखाड़ा प्रदर्शन, शाही लवाजमे के साथ निकलने वाली शोभायात्रा पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी की जाएगी। आयोजन के दूसरे दिन 29 दिसम्बर को होने वाले कार्यक्रम में द्वारिकापीठ के शंकराचार्य जगदगुरू स्वामी श्री सदानंदजी महाराज एवं 30 दिसम्बर को होने वाले कार्यक्रम में निम्बार्क तीर्थ के पीठाधीश्वर निम्बार्काचार्य जगदुरू श्री श्यामशरणजी देवाचार्य श्रीजी महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। इसी तरह आयोजन के चौथे दिन 31 दिसम्बर के कार्यक्रम में भानपुरा पीठ के पीठाधीश्वर श्री शंकराचार्य स्वामी श्री ज्ञानानंदजी महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। धर्म संस्कृति राष्ट्र जागरण महोत्सव के अंतिम दिन 1 जनवरी को रजत जयंति मुख्य पर्व मनाया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं सामाजिक पदाधिकारी शामिल होंगे। महोत्सव के तहत प्रतिदिन शाम 7 से रात 10 बजे तक नानी बाई का मायरा कथा का वाचन रामस्नेही संत गोविन्दरामजी महाराज के मुखारबिंद से होगा। इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न वर्गो का सहयोग लेकर भव्य तैयारियां की जा रही है।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान भाजपा का युवा सम्मेलन आज



## देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष भडाना आएंगे

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रदेश में चलाए जा रहे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत आज भाजपा जिला कार्यालय पर युवा सम्मेलन का आयोजन प्रातः 11 बजे किया जाएगा।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि युवा सम्मेलन में मुख्य वक्ता देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के प्रदेश सहसंयोजक ओमप्रकाश भडाना रहेंगे एवं अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा करेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई जिसमें जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सम्मेलन को ऐतिहासिक सफल बनाने का आह्वान किया। सम्मेलन में जिले की सभी विधानसभाओं से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटेंगे और अभियान के तहत स्वदेशी अपनाने की शपथ भी लेंगे। बैठक में जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, जिला उपाध्यक्ष एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, युवा सम्मेलन जिला संयोजक भरत सिंह राठौड़, सह संयोजक रौनक हिंगड, दीपक पाराशर, सीपी जोशी, अवधेश शर्मा, तेजप्रताप सिंह, शिव गुर्जर, अभिषेक जोशी, कुलदीप व्यास, अतुल शर्मा, पीयूष शर्मा, संपत जांगिड़, चेतन वैष्णव, अरविन्द सेन, किरण सालवी, रतन लाल जाट आदि उपस्थित रहे।

# नाहरगढ़ स्थित तेजाजी स्थल पर पांच कुंडीय यज्ञ का शुभारंभ



स्मार्ट हलचल

**काछोला।** क्षेत्र के नाहरगढ़ में तेजाजी के पावन स्थान पर पांच दिवसीय पांच कुंडीय यज्ञ का शुभारंभ हुआ यह धार्मिक आयोजन 26 नवंबर से 30 नवंबर तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं आज दूसरे दिन 27 जोड़ों ने विधिवत रूप से यज्ञ में आहुति देकर धर्मलाभ लिया यज्ञ का संचालन आचार्य दुर्गा लाल तिवारी व उप आचार्य महावीर पंडित के सानिध्य में चल रहा है ग्रामीण व डेयरी डायरेक्टर भेरू लाल जाट ने बताया कि पूरे क्षेत्र में आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है।

कार्यक्रम के दौरान डेयरी डायरेक्टर भेरू लाल जाट सत्यनारायण जाट रामकिशन जाट हरिप्रकाश जाट विनोद चौधरी शंकर जाट आदि ग्रामीण व समाजबंधु बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे।

# 'भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) 2025' में 'गुरुकुल-राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षक और शिक्षक कार्यशाला' में भाग लेने हेतु चयन

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पनोतिया,शाहपुरा में पदस्थापित विज्ञान विषय के वरिष्ठ अध्यापक महेश कुमार कोली का चयन 6 से 9 दिसम्बर 2025 तक पंचकूला, हरियाणामें में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के महोत्सव भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) 2025 के कुल 25 इवेंट्स में से एक इवेंट 'गुरुकुल-राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षक और शिक्षक कार्यशाला' में हुआ है। इसमें देशभर के चयनित शिक्षक, शिक्षा नवप्रवर्तक, वैज्ञानिक तथा विशेषज्ञ भाग लेंगे। गुरुकुल वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को विज्ञान शिक्षण की नवीनतम विधियों, इनोवेटिव प्रैक्टिस, रिसर्च-आधारित अध्यापन, आईसीटी इंटीग्रेशन और न्यू एज लर्निंग स्किल्स से सशक्त करना है।

महेश कुमार कोली लंबे समय से विज्ञान शिक्षा, साइबर जागरूकता, नवाचार आधारित अधिगम, तथा कबाड़ से जुगाड़ मॉडल निर्माण जैसे क्षेत्रों में अपनी बेहतरीन पहल के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने नासा-आईएएससी क्षुद्रग्रह खोज अभियान, इंस्पायर अवार्ड, विज्ञान मेला गतिविधियों, तथा जीरो बजट साइंस प्रैक्टिकल जैसी राष्ट्रीय स्तरीय पहलों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। विज्ञान शिक्षण में उनके नवाचारों ने न सिर्फ स्कूल, बल्कि जिले और राज्य में भी सकारात्मक प्रभाव छोड़ा है।

IISF-2025 भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान भारती और विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों के संयुक्त सहयोग से आयोजित होने वाला एक भव्य विज्ञान उत्सव है, जिसमें देशभर से वैज्ञानिक, शोधकर्ता, शिक्षक व छात्र भाग लेते हैं।

# जगदीश जाट को मुख्य निर्वाचन अधिकारी व जिला कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया



स्मार्ट हलचल| गुरला

ग्राम पंचायत रामपुरिया पंचायत समिति सुवाणा के जगदीश चन्द्र जाट जिला भीलवाड़ा के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सहाड़ा की भाग संख्या 223 राजपुरा के बूथ लेवल अधिकारी को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में इस कार्यक्रम की प्रारम्भिक अवधि में ही मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को शत-प्रतिशत डिजिटाइज कर राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में उल्लेखनीय योगदान दिया है।इनके इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में श्रेष्ठ, प्रतिबद्ध व अनुकरणीय योगदान के दृष्टिगत उन्हें यह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया नवीन महाजन मुख्य निर्वाचअधिकारी राजस्थान जिला कलेक्टर साहिब द्वारा आज सम्मानित किया गया।

# परमार्थ सेवा को नई गति, जीवरक्षणम गौ सेवा टीम ने शुरू की लिफ्ट मशीन सेवा

## शाहपुरा में निराश्रित गौवंश की सेवा का दायरा हुआ विस्तृत

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** समाज में परमार्थ और मानवीय संवेदनाओं को जीवंत करते हुए गौ सेवा टीम जीवरक्षणम, शाहपुरा ने एक और प्रेरणादायक पहल की है। लंबे समय से शाहपुरा क्षेत्र में निराश्रित व बीमार गौवंश की सेवा, उपचार और संरक्षण का कार्य कर रही यह टीम अब अधिक सशक्त रूप में अपने मिशन को आगे बढ़ा रही है।

टीम के युवा सदस्य क्षेत्र में किसी भी दिशा से सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर सेवा कार्य को अंजाम देते हैं। चाहे सड़क पर घायल गौवंश हो, बेसहारा पशु हो या उपचार की आवश्यकता वाले गौवंशकृटीम हर परिस्थिति में पूरी निष्ठा से सेवा में जुटी रहती है।

### लिफ्ट मशीन से मिली बड़ी राहत-

पिछले कुछ समय से टीम को बीमार या गिरे हुए गौवंश को उठाने तथा उन्हें सुरक्षित रूप से गोशाला तक पहुँचाने में कठिनाई हो रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए टीम ने स्वयं प्रयास किए और शाहपुरा के गौभक्तों के सहयोग से बीमार (बेस्गी में आने वाले) गौवंश को खड़ा करने हेतु अत्याधुनिक लिफ्ट मशीन खरीदी। अब यह मशीन टीम के सेवा कार्यों को और अधिक तेज, सुरक्षित और प्रभावी बनाएगी।

### वैदिक विधि से हुआ शुभारंभ-

नई सेवा मशीन का शुभारंभ श्रीराम मंदिर, उदयभान गेट पर महंत सीताराम बाबा के करकमलों द्वारा वैदिक पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस मौके पर टीम के सदस्यों में नई ऊर्जा और सेवा के प्रति उत्साह देखने को मिला।

### सेवा के लिए समाज सहयोग जरूरी-

जीवरक्षणम टीम ने अपील की है कि ऐसे परोपकारी कार्य समाज के व्यापक सहयोग से ही निरंतर गति पकड़ते हैं। उन्होंने शाहपुरा के सभी गौभक्तों से अनुरोध किया है कि निराश्रित गौवंश की सेवा में आगे आएं और अपने सामर्थ्य अनुसार सहयोग करें। यह कदम न केवल गौ सेवा बल्कि समाज में परमार्थ, करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी के संदेश को भी मजबूत करता है। शाहपुरा में गौ सेवा का यह मॉडल अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणा बन रहा है।

# मुहावजा प्रक्रिया के लिए काश्तकार निर्धारित अवधि में कराए आवश्यक दस्तावेज जमा

स्मार्ट हलचल



**माण्डलगढ़।** उपखण्ड क्षेत्र माण्डलगढ़ के सभी काश्तकार राज्य सरकार द्वारा विक्रम संवत् 2082 फसल खरीफ 2025 में खराबे से प्रभावित काश्तकारों को कृषि आदान-अनुदान (मुआवजा) वितरण किया जाना हैं। इस हेतु पात्र काश्तकारो की प्रत्येक ग्रामवार सूचियां तैयार की जानी है। अतः समस्त पात्र काश्तकारों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 30 नवम्बर 2025 से पूर्व संबंधित पटवार हल्का से सम्पर्क कर जमाबंदी की प्रति, मोबाईल नंबर, आधार कार्ड की प्रति एवं मृतक खातेदार के वारिशान जिनका नाम जमाबन्दी में अमल नही हुआ है व फसल काश्त सिंजारा पर करनें वालें खातेदार से सिंजारा काश्त का शपथ पत्र व मंदिर मूर्ति भूमि के आदान अनुदान हेतु कृषि करनें वालें किसान शपथ पत्र पटवारी हल्का के पास प्रस्तुत करे जिससे समय पर पात्र काश्तकारो की सूची तैयार की जाकर समय पर पात्र काश्तकारों को मुआवजे का भूगतान किया जा सके।

# धानेश्वर में वैदिक मंत्रों से शिव मंदिर का किया शिलान्यास

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** शाहपुरा क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल धानेश्वर धाम पर श्री माहेश्वरी समाज चौखला धानेश्वर के समाज बंधुओ की उपस्थिति में पंडित कृष्ण गोपाल शर्मा ने वैदिक मंत्रों से पूजन कराकर सत्यनारायण न्याति की अध्यक्षता में रामकिशन मूंदड़ा कादेड़ा, श्याम सुंदर सोमानी कनेछनकलां, गिरधारी लाल नौलखा फुलिया कला, श्रीनिवास जाजू मेहरू कला, दीनदयाल मारू शाहपुरा के सानिध्य में पूजन कर शिव मंदिर की नींव का मुहूर्त कर शिलान्यास किया। माहेश्वरी समाज के बंधुओ की उपस्थिति में भामाशाह सावर निवासी राजकुमार मंत्री ने बटन दबाकर ट्यूबेल का शुभारंभ किया।

नींव के मुहूर्त के बाद समाज बंधुओ की बैठक एस एन न्याती की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में समाज बंधु दीनदयाल मारू, प्रकाश चंद दाखेड़ा, कैलाश चंद सोमानी, ताराचंद हेडा, राम प्रसन्न सोमानी, रूपचंद पोरवाल, राजेंद्र आगीवाल, सत्यनारायण काबरा, राजेंद्र कुमार न्याति, कृष्ण गोपाल सोमानी ने विचार रखते हुए अंत में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव लिए गए। 36 कमरों का वातानुकूलित बनने वाले भवन के बारे में कई तरह के सुझाव प्राप्त हुए। अंत में अध्यक्ष ने 5100 रूपये प्रदान कर श्री महेश सेवा संस्थान आम चोखला के सदस्य बनने का आह्वान किया तथा उन्होंने कहा कि सदस्य शुल्क के साथ निर्माण में चंदा सहयोग राशि देने वाला ही सदस्य बन सकेगा।

उक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में सचिव कमलेश लड्ढा ने गत बैठक की कार्यवाही प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष बालकिशन नौलखा ने भामाशाह द्वारा प्रदान की गई राशि की रसीद बनाकर ससम्मान प्रदान की। बैठक में फुलिया कला, धनोप, रामपुरा, कनेचनकला, बासा का तस्वारिया, भीमडावास, कादेड़ा खवास, शाहपुरा, फारकिया, मेंहरू कला, सावर से माहेश्वरी समाज बंधुओ ने बैठक में उपस्थित होकर अपने विचारों से अवगत कराया। बैठक में संरक्षक ताराचंद हेडा ने बताया कि नितिन स्पिनर्स भीलवाड़ा के मालिक फुलिया कला निवासी दिनेश चंद नौलखा एवं नितिन नौलखा ने अपने पिताजी स्वर्गीय श्री रतनलाल जी की पुण्य स्मृति में 2500 स्क्वायर फीट का सभा भवन, चार वातानुकूलित कमरे बनाने की लगभग 51 लाख रुपए लागत की घोषणा की। सभी समाज बंधुओ ने भामाशाह का बहुत-बहुत तन मन से स्वागत किया। तथा कनेचनकला निवासी श्याम सुंदर सोमानी ने एक कमरा निर्माण एवं कृष्ण गोपाल ज्ञानचंद मूंदड़ा कादेड़ा ने एक कमरा निर्माण की घोषणा की। ट्यूबवेल के 71000 रुपए प्रदान कर राजकुमार मंत्री सावर ने पुण्य प्राप्त किया। अंत में अध्यक्ष न्याती ने बैठक समाप्ति की घोषणा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गंगापुर में मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग तेज

नगर पालिका की अनदेखी से लाखों के कैमरे हुए कबाड़, बढ़ रहा अपराध

स्मार्ट हलचल| गंगापुर

शहर की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। पूर्व नगर पालिका बोर्ड द्वारा लाखों रुपये खर्च कर मुख्य चौराहों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे वर्तमान बोर्ड की लापरवाही के चलते आज पूरी तरह निष्क्रिय हो चुके हैं। शहरवासियों के अनुसार कई बार लिखित व मौखिक मांग के बावजूद अब तक कैमरों की मरम्मत या नए सीसीटीवी लगाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया।

पूर्व पार्षदा कृष्णा माली ने बताया कि मुख्य चौराहों पर लगे महंगे कैमरे बंद पड़े रहने से चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि बिना किसी डर के वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। सुरक्षा के नाम पर नगर पालिका की यह उदासीनता लोगों में गहरा आक्रोश पैदा कर रही है। नागरिकों का कहना है कि जब शहर में सुरक्षा के लिए पहले से व्यवस्था मौजूद थी, तो उसे पुनः सक्रिय करने में नगर पालिका क्यों असफल हो रही है? रामलीला और नाटक मंचन में लाखों रुपए व्यर्थ बर्बाद करने वाली पालिका अगर आमजन की सुरक्षा तक सुनिश्चित नहीं कर सकती, तो यह गंभीर प्रशासनिक लापरवाही है।

शहरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मुख्य चौराहों पर नए सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए और पुराने कैमरों की मरम्मत नहीं करवाई गई, तो जन आंदोलन की राह अपनाई जाएगी। नागरिकों ने जिला प्रशासन से भी हस्तक्षेप कर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स - जूडो के तीसरे दिन खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन चढ़ा परवान, स्वर्ण पदकों के लिए हुए कड़े मुकाबले

## बीच वॉलीबॉल और कायकिंग-केनोइंग स्थलों पर तैयारियाँ पूर्ण, शुक्रवार से बीच वॉलीबॉल का रोमांच

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

लेकसिटी में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत अटल बिहारी वाजपेयी इंडोर स्टेडियम में आयोजित हो रही जूडो प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन गुरुवार को रोमांच चरम पर रहा। विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों के लिए कड़ी टक्कर दी। शाम को संपन्न हुए फाइनल मुकाबलों में दिल्ली यूनिवर्सिटी, एम.डी., जी.एन.डी., पी.यू.पी. सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों ने पदक अपने नाम किए।



### जूडो में स्वर्ण के लिए जोरदार उठापटक

90 किग्रा पुरुष वर्ग में दिल्ली यूनिवर्सिटी के अक्षित टोकस ने बेहतरीन जज्बा दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीता। एम.डी. यूनिवर्सिटी के कुनाल को रजत तथा बी.आर.के.टी. यूनिवर्सिटी के आयुष दत्त एवं एमजेपी यूनिवर्सिटी के प्रखर को कांस्य मिला। इसी प्रकार 100 किग्रा वर्ग में जी.एन.डी. यूनिवर्सिटी के राकेश गिल स्वर्ण पदक विजेता रहे, जबकि सी.यू.के. के मुबाशिर पी. को रजत और एम.जी.यू.के. के अर्जुन अजीत कुमार एवं आर यू के विष्णु शर्मा को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

### महिला वर्ग में भी देश की उभरती प्रतिभाओं का जलवा

57 किग्रा महिला वर्ग में पंजाब यूनिवर्सिटी की अक्षिता शर्मा ने स्वर्ण पर कब्ज़ा जमाया जबकि एम ए एन यू की हाओबीजम शुभाषिनी देवी ने रजत तथा आर यू की प्रिया ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। वहीं 70 किग्रा महिला वर्ग में एल.पी. यूनिवर्सिटी की कीडेम टीबागगन्बी चानु को स्वर्ण, जीएनडी यूनिवर्सिटी की गगबाम दीपापतिदेवी को रजत एवं डीयू की ताजिम फैयाज और सीसीएस यूनिवर्सिटी की दीक्षा शर्मा को कांस्य पदक मिला। 78 किग्रा महिला वर्ग में पी.यू.पी. यूनिवर्सिटी की हरमनप्रित कौर ने स्वर्ण हासिल कर अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित किया। डीयू की कशिश डागर को रजत, एम एस यू एस की जानवी तथा एमजीयूके की नन्धना प्रसाद को कांस्य पदक मिला। पुरस्कार वितरण समारोह में नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना, एमएलएसयू के रजिस्ट्रार वी.सी. गर्ग और राजस्थान विद्यापीठ के रजिस्ट्रार धर्मेन्द्र राजौरा ने खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस अवसर पर पर्यटन विभाग द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई।

### शुक्रवार से बीच वॉलीबॉल का रोमांच , कायकिंग-केनोइंग लेनें भी तैयार

शुक्रवार से आयोज्य बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं की तैयारियों को लेकर मैदान पर रेती बिछाने से लेकर पोल इंस्टालेशन तक का कार्य पूरा कर लिया गया है। भोजन एवं दर्शक व्यवस्था के लिए टेंट लगाने का कार्य भी अंतिम चरण में है। खिलाड़ियों के अभ्यास सत्र से पूर्व जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल और आयोजन समिति सदस्यों ने खेल मैदान की विधिवत पूजा-अर्चना भी की। वहीं फतहसागर झील में कायकिंग एवं केनोइंग प्रतियोगिताओं के लिए आठ विशेष लेन तैयार कर दी गई हैं, ये मुकालबे 2 दिसम्बर से प्रारंभ होंगे। डॉ पालीवाल ने बताया कि अधिकारियों एवं तकनीशियनों के लिए बैठक व्यवस्था और ब्रांडिंग का कार्य जारी है। शुक्रवार से शुरू होने वाले मुकाबलों के लिए सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कर ली गई हैं।

# शाहपुरा अभिभाषक संस्था की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** स्थानीय अभिभाषक संस्था शाहपुरा की महत्वपूर्ण कार्यकारिणी बैठक आज अभिभाषक कक्ष में संस्था अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन सचिव वीरेंद्र पत्रिया ने किया। बैठक में संगठनात्मक अनुशासन, सदस्यता सत्यापन व आगामी चुनाव प्रक्रिया जैसे अहम बिंदुओं पर निर्णय लिए गए।

अनियमित सदस्यों पर कार्रवाई, 30 में से 17 का ही आया जवाब--

संस्था की पूर्व आम बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अनियमित पाए गए 30 सदस्यों को सूचना पत्र भेजे गए थे, जिनमें से केवल 17 सदस्यों का जवाब प्राप्त हुआ। शेष 13 सदस्यों की सदस्यता नियमों के अनुसार निरस्त मान ली गई। बैठक के बाद संस्था में 74 सक्रिय एवं नियमित सदस्य ही मान्य घोषित किए गए। जवाब देने वाले 17 सदस्यों में से भी 11 सदस्यों को अनियमित मानते हुए उन्हें मतदान अधिकार और संस्था से मिलने वाले परिलाभों से वंचित कर दिया गया। प्रवक्ता एडवोकेट दीपक पारीक ने बताया कि संस्था में 2025 में पंजीकृत सदस्य भी इस वर्ष के चुनाव में मतदाता नहीं होंगे।

11 दिसंबर को होंगे वार्षिक चुनाव, चुनाव अधिकारियों की घोषणा--

कार्यकारिणी ने 11 दिसंबर 2025 को संस्था के वार्षिक चुनाव की तारीख सर्वसम्मति से घोषित की। इसके साथ ही चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की गई।

मुख्य चुनाव अधिकारी - वरिष्ठ अधिवक्ता प्रणवीर सिंह चैहान

सहायक चुनाव अधिकारी - संजय हाडा व दीपक पारीक

चुनाव की सभी प्रक्रियाएँ अब बीसीआर के नियमों के अनुसार संचालित की जाएंगी। चुनाव में भाग लेने वाले अधिवक्ताओं के लिए ।प्ठ परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य रहेगा। वार्षिक शुल्क, एक बारदृएक मत का शपथ पत्र और पात्रता सत्यापन भी चुनाव अधिकारी की देखरेख में ही होगा।

बैठक में उपाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राणावत, सचिव वीरेंद्र पत्रिया, दीपक मीणा, कमलेश मुंडेतिया तथा प्रवक्ता दीपक पारीक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# आर.एन.टी. विधि महाविद्यालय चित्तौड़गढ़ में संविधान दिवस पर विधिक व्याख्यान, संसदीय मंचन एवं विविध कार्यक्रम आयोजित

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़



गांधीनगर सेक्टर-05, स्थित आर.एन.टी. विधि महाविद्यालय में 26 नवंबर को संविधान दिवस बड़े ही उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के समन्वयक गौरव त्यागी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में विशेष विधिक व्याख्यान, संसदीय मंचन एवं कई शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उप-प्राचार्य डॉ. प्रभा भाटी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता गौरव परमार द्वारा भारतीय संविधान की रूपरेखा, प्रमुख विशेषताओं एवं महत्वपूर्ण उपबंधों पर विस्तृत प्रस्तुति के साथ हुई। इसके पश्चात विधि व्याख्याता जफ्फर हुसैन वैलिम ने संविधान को एक सामाजिक एवं राजनीतिक दस्तावेज बताते हुए उसके ऐतिहासिक महत्व एवं विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने अनुच्छेद 21, जीवन एवं स्वतंत्रता से जुड़े अधिकार, निशुल्क विधिक सहायता, त्वरित न्याय, न्यायिक विलंब एवं अपराधियों को हथकड़ी से मुक्त रखने जैसे संवैधानिक प्रावधानों पर अपने विचार साझा किए। विधि सहायक आचार्य गजेंद्र जोशी ने संविधान के प्रमुख प्रावधानों को सरल भाषा में समझाते हुए मौलिक अधिकार, मूल कर्तव्य, शक्ति पृथक्करण तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इसी क्रम में सहायक आचार्य अमित कोहली ने राज्य के नीति निर्देशक तत्वों तथा समान नागरिक संहिता की अवधारणा को स्पष्ट किया। वहीं सहायक आचार्य सोनिया राजोरा ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना, विधिक इतिहास तथा संविधान दिवस मनाने के उद्देश्य पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सहायक आचार्य मेहा डाड़ द्वारा विद्यार्थियों से संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन करवाया गया तथा संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के दौरान एल एल.एम., एल एल.बी. प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर, तृतीय वर्ष तथा डी. एल.एल. के विद्यार्थियों ने संविधान की प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विद्यार्थियों द्वारा संसदीय प्रणाली का मंचन भी किया गया, जिसमें महिला अधिकार, शिक्षा, रोजगार एवं अन्य समसामयिक विषयों पर वाद-विवाद हुआ। विद्यार्थियों ने विधायी प्रक्रिया, संसदीय कार्यवाही एवं निर्णय निर्माण का जीवंत प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया। इसी क्रम में आज गुरुवार को संविधान दिवस पर डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा आयोजित ऑनलाइन सम्मेलन में महाविद्यालय ने सहभागिता की, जिसमें विश्वविद्यालय प्रशासन, विशेषज्ञ वक्ता एवं कई विधि महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने भारतीय संविधान, न्यायिक प्रणाली तथा समकालीन विधिक चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता बी. एल. पोखरणा ने भी संविधान दिवस पर विद्यार्थियों से महत्वपूर्ण चर्चा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विधि सहायक आचार्य डॉ. प्रियंका शर्मा, डॉ. अनिल कुमार, सोनू कुमार मेघवंशी, दीपक शर्मा, ललित मीणा सहित अन्य संकाय सदस्यों का सहयोग रहा।

# वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन

स्मार्ट हलचल



**चित्तौड़गढ़।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के प्रबल मण्डल सदस्य एवं विधायक बेगू डॉ सुरेश धाकड़ के मुख्य आतिथ्य एवं वर्चुअल डॉ. प्रताप सिंह, कुलगुरू,महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर, डॉ पी.पी. रोहिला मुख्य वैज्ञानिक, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जोधपुर एवं निदेशक प्रसार शिक्षा की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र चित्तौडगढ़ की वैज्ञानिक सलाहकार सनिति की बैठक का आयोजन दिनांक 27 नवम्बर, 2025 को किया गया। बैठक में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के प्रबंध मंडल सदस्य एवं विधायक बेगू डॉ. सुरेश धाकड़ ने केन्द्र के अधिकारियों को कृषकों के हित और अधिक क्षमता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। डॉ. धाकड़ ने जिले के किसानों की आय में वृद्धि हेतु नवीनतम कृषि तकनीकी खेती में रसायनों कम प्रयोग कराकर एवं समन्वित कृषि प्रणाली को अपनाने से खेती में लागत कम होगी व आय में बढ़ोतरी होगी। साथ ही जलवायु परिवर्तन के अनुसार कृषि की नवीनतम तकनीकी को कित्तानों तक पहुंचाने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए कम जल माग वाली फसलों को प्रति जागरुकता लाने का सुझाव दिया। डॉ प्रताप सिंह कुलगुरू महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर ने कहा कि जलवाय आधारित कृषि करनी चाहिए जिससे कृषको को अधिक आमदनी प्राप्त हो सके। उन्होंने कृषि के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के अनाजों एवं फलो की बायोफोर्टिफाइड किस्मों के बार में बताते हुए बेल, लीची कालाजीरा, अश्वगंधा इत्यादि के उत्पादन करने पर जोर दिया ताकि मौसम के अनुसार तकनीकी बड़े स्तर पर प्रत्येक किसान तक नवीनतम तकनीकी का प्रचार-प्रसार हो सके। डॉ. आर एल सोनी निदेशक प्रसार शिक्षा महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर ने सर्व प्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए केन्द्र द्वारा किये गये कार्यों के प्रगति की प्रशसा एव सुझाव दिया की कृषि विज्ञान केन्द्र पर कृषि पर्यटन पर जोर दिया तथा उन्होंने किसानों को जैव सवर्तित फसले लगाने के लिए कहा साथ ही केन्द्र पर खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने की योजना पर बात की। तथा के वो के के प्रशिक्षणों में नर्सरी प्रबन्धन, जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम जोड़ने की बात कही। डॉ लोकेश गुप्ता, अधिष्ठाता डेयरी एवं खाद्य विज्ञान प्रोद्योगिकी महाविद्यालय उदयपुर ने किसानों की आमदनी बढ़ाने हेतु मुर्गीपालन के अधिक से अधिक प्रदर्शन देने की बात कही। डॉ अमित त्रिवेदी,क्षेत्रीय अनुलमान निदेशक, अनुसंधान निदेशालय उदयपुर ने किसानों की दशा एवं दिशा सुजरने की आवश्यकता पर जोर देकर वैज्ञानिक तरीके से खेती करने का सुझाव दिया साथ ही प्रगतिशील कृषकों के यहां प्रदर्शन लगाकर कृषि तकनीकी के हस्तान्तरण की आवश्यकता जताई। डॉ. हेमलता शर्मा प्रोफेसर, पादय एवं आनुवांशिकी विभाग उदयपुर ने कहा कि किसान भाई खेती में नवाचार अपनाए साथ ही श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए सांवा रागी कोदो बाजरा की खेती कर श्रीअन्न को दैनिक आहार में शामिल करने पर बल दिया। सर्वप्रथम वोन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एव अध्यक्ष डॉ रतन लाल सोलकी ने वर्ष 2024-25 का प्रगति प्रतिवेदन एवं पिछले वर्ष बैठक में दिये गये सुझावों का अनुकरण प्रस्तुत किया एवं आगामी कार्य योजना को प्रस्तुत किया गया। केवीके प्रतिवेदन की उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सराहना की गई एवं आवश्यक सुझाव भी दिये गये। विकसित कृषि संकल्प अभियान की प्रगति की बुकलेट का विमोचन अतिथियों द्वात किया गया। बैठक में श्री दिनेश जागा सउक्त निदेशक कृषि विस्तार चित्तौडगढ़ डॉ शंकर लाल जाट उपनिदेशका सीताफल उत्कृष्टता केन्द्र चित्तौड़गढ़, डॉ जयदीप भार्गव सहायक निर्देशक पशुपालन विभाग, श्रीमती अशु चौधरी सहायक निदेशक कृषि विभाग चित्तौडगढ़, नाबार्ड से माहेन्द्र डूडी,श्री रमेश आमेटा श्री मुकेश आमेटा इफको,श्री राम गोपाल आर्य,राजस्थान राज्य बीज निगम,श्री सीताराम आकाशवाणी, प्रगतिशील कृषक श्री हीरा लाल जाट, कृष्णपाल सिंह, श्री नंद लाल धाकड़ श्री मोहन लाल बटीक, लाल सिंह मीणा प्रगतिशील महिला श्रीमती कचन बटीक ने मी अपने अपने विचार व सुझाव दिये। बैठक में केन्द्र के दीपा इन्दौरिया, कार्यक्रम सहायक श्री संजय कुमार, कार्यकम सहस्यक श्री राकर ज्ञात नाई सेवानिवरत सहायक कृषि अधिकारी,श्री बनवारी लाल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आदि कर्मचारी उपस्थित थे। इसमें जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण प्रगतिशील कृषक एवं महिला बाड़ी एनजीओ आदि के 45 सदस्यों ने भाग लिया। अंत में केन्द्र की श्रीमती दीया इन्दौरिया ने वैज्ञानिक सलाहकार समिति के समय सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# हरनावदाशाहजी में शुक्रवार से शुरू होगी सात दिवसीय भागवत कथा, भव्य शोभायात्रा के साथ होगी शुरुआत

स्मार्ट हलचल

**हरनावदाशाहजी।** कस्बे में शुक्रवार से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य रूप में होने जा रहा है। मेला मैदान में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत शोभायात्रा से होगी, जिसमें कलश यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।

सुबह 10 बजे शिवालय गुफा मंदिर से गाजे-बाजे और जयघोषों के साथ शोभायात्रा प्रारम्भ होगी। यात्रा विवेकानंद सर्किल, हाट चौक मुख्य बाजार, कुम्हार मोहल्ला, राजमंदिर चौक और शीतला माता चौराहा होकर बाग के बालाजी मंदिर पहुंचेगी।



बालाजी मंदिर प्रांगण में ही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू होगी, जिसका वाचन रामानंद संत आश्रम के महंत महामंडलेश्वर अभिराम दास त्यागी करेंगे।

कार्यक्रम पूर्णतः जनसहयोग से आयोजित है। मंदिर परिसर में आकर्षक और विशाल पांडाल सजाया गया है। आयोजन समिति और कार्यकर्ता तैयारियों में दिन-रात जुटे हुए हैं। कस्बे में कथा को लेकर उत्साह का माहौल है और शोभायात्रा व कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुँचने की संभावना है।

# डॉक्टर बनने का सपना रह गया अधूरा: कोटा से घर लौट रहे नीट छात्र की ट्रेन से गिरकर दर्दनाक मौत

## बहन के साथ पटना जा रहा था छात्र दीपक-केशवरायपाटन स्टेशन के पास हुआ हादसा

स्मार्ट हलचल| बूंदी

केशवरायपाटन कोटा में रहकर मेडिकल की तैयारी कर रहे एक छात्र के सपने बुधवार को रेलवे ट्रैक पर दम तोड़ गए। केशवरायपाटन रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरने से बिहार निवासी छात्र दीपक की मौके पर ही मौत हो गई।



बहन के सामने उजड़ा भाई का संसार मृतक दीपक अपनी बहन के साथ कोटा से पटना जा रहा था। बताया जा रहा है कि ट्रेन केशवरायपाटन स्टेशन के पास से गुजर रही थी, तभी गेट पर खड़ा दीपक संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया। साथ सफर कर रही बहन को जब इसका पता चला तो उसका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# सांसद एवं विधायक के क्षेत्र में खस्ताहाल सड़क, महिलाओं ने लगाया जाम

स्मार्ट हलचल| ओम जैन



**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ शहर के महेशपुरम से सेंगवा हाउसिंग बोर्ड, मधुवन को जोड़ने वाली मुख्य सड़क धरणीधर चौराहे से निंबाहेड़ा रोड तक क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों को एवं सिवरेज के गंदे पानी जमा होने को लेकर गुरुवार को क्षेत्रवासियों को गुस्सा फूट पड़ा। महिलाओं ने धरणीधर चौराहे की मुख्य सड़क प्रदर्शन कर समस्या दुरुस्त नहीं होने पर धरने पर बैठने की चेतावनी दी करीब एक घंटे तक महिलाओं ने प्रदर्शन किया प्रशासन एवं सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

क्षेत्र की महिलाओं में प्रियंका गुर्जर, निर्मला धाकड़, इंद्रा हेडा, कंचन संचेती, सुशीला सुथार, ऋतु बोलिया, नीतू उपाध्याय, गुनगुन संचेती मौजूद रही।

महिलाओं ने कहा कि शहर के इस रोड पर कई स्कूल, निजी हॉस्पिटल एवं सरकारी हॉस्पिटल जाने के लिए क्षेत्र वासियों के लिए मुख्य सड़क है जो निंबाहेड़ा रोड एवं उदयपुर मुख्य सड़क को जोड़ने वाले वाशिंदों का भी इस सड़क से आना जाना रहता है ऐसे में रोजाना सैकड़ों वाहन चालकों का इस मार्ग से आना-जाना लगा रहता हैं। पहले भी क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण को लेकर मांग की थी क्षेत्रीय विधायक के पास भी जाकर आए समस्या जस की तस बनी हुई है। 2 साल तक आश्वासन के बाद अभी तक सड़क का निर्माण नहीं होने से गुस्साएं क्षेत्रवासियों के साथ महिलाओं ने गुरुवार को मुख्य सड़क पर बड़ी संख्या में प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में करने में बड़ी संख्या में महिलाएं आगे थी, महिलाओं ने कहा कि बार बार अवगत कराए जाने पर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है हम हमेशा संतोष और संयम रख रहे थे अब हमारा संयम टूट चुका है हमारी समस्याओं का निदान नहीं हुआ तो बच्चों के साथ सड़क पर धरने पर बैठेंगे। उन्होंने कहा मुख्य सड़क खस्ताहाल हैं, जगह-जगह खड्डे हो रखे हैं सिवरेज का पानी बह रहा है बच्चों और बुजुर्गो को सांस की प्रॉब्लम होने लगी है क्षेत्र की गलियों में जगह-जगह कीचड़ हो रखा हैं, गिर कर कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं वह चोट उन्हें जीवन भर दुःख देती है लेकिन हमारी कोई नहीं सुनता। सिर्फ आश्वासन देते हैं। जब तक सड़क का निर्माण नहीं होता आने वाले दिनों में बच्चों के साथ धरणीधर चौराहे पर धरने पर बैठेंगे।

क्षेत्र वासियों के बुलाने पर पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत मौके पर पहुंचे उन्होंने महिलाओं से उनकी समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही जिला कलेक्टर को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने मामला संज्ञान में होने की बात कही। पूर्व राज्यमंत्री ने प्रशासक रामचन्द्र खटीक को भी मामले को लेकर गंभीरता से उसका निदान कराने का आग्रह कर कहा कि सिवरेज निर्माण के समय ही सड़क दुरस्त का बजट अलॉटमेंट होता है।

पूर्व राज्यमंत्री ने बताया कि प्रशासन की मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान देना जरूरी है इनके पास डीएमएफटी, यूआईटी, नगर परिषद जैसे तीन तीन फंड है। जनप्रतिनिधियों की इच्छा सकती होनी चाहिए काम करने की आमजन की समस्याओं का निराकरण करना नैतिक दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, पानी, लाइट के लिए को लेकर महिलाएं सड़क पर उतरे तो इससे ज्यादा गंभीरता कुछ नहीं है यह सरकार एवं प्रशासन के लिए बेहद चिंतनीय है। विधायक एवं सांसद दोनों मधुवन क्षेत्र के होने के बाद भी सड़कों की ऐसी हालत एक सवालिया निशान लगाता है। चंदेरिया, प्रतापनगर, शहर के अन्य क्षेत्र में भी टूटी सड़क एवं सिवरेज परेशानी का सबब बनी हुई है। अगर क्षेत्र वासियों की समस्याओं को दूर नहीं किया जाता है हमारे स्थानीय पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र की महिलाओं एवं बच्चों के साथ धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मौके पर पार्षद प्रतिनिधि मनोहर मेनारिया, शैलेंद्र सिंह शक्तावत, नरोत्तम हेडा, राजेंद्र संचेती, विनय उपाध्याय, खुमान सिंह सोलंकी, सुनील बोलिया, गोपाल सिंह चुंडावत, अंकुर भटनागर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय में मनाया संविधान दिवस



स्मार्ट हलचल

वजीरपुर उपखण्ड क्षेत्र स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में संविधान दिवस हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान थीम के साथ गरिमामय रूप से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी के सहआचार्य कैलाश बैरवा ने संविधान में निहित मूल्यों विचारों एवं महत्वपूर्ण प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी दिलाई महाविद्यालय के नोडल अधिकारी प्रो रमेश बैरवा ने भी छात्राओं से संविधान से जुड़े विषयों पर संवाद किया। इस दौरान सभी संकाय सदस्यों ने भारतीय संविधान के महत्व एवं उसकी विशिष्टताओं पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में श्रषिकेश गुर्जर महेन्द्र कुमार धोबी गिर्राज प्रसाद जोनवाल भूरसिंह गुर्जर तथा शैलेश जैन आदि उपस्थित रहे थे।

# बजरी माफियाओं से पुलिस की सांठगांठ के ऑडियो वायरल होने के बाद भी हैड कांस्टेबल पर कार्रवाई नहीं होना आश्चर्यजनक

**- अब प्रकरण में संदिग्ध अलीगढ़ थाना प्रभारी की कार्यशैली पर ओर अधिक खड़े होने लगे सवाल-कार्यवाही में सर्किल डिप्टी एसपी भी मौन,**

**- अलीगढ़ पुलिस की सांठगांठ के ऑडियो वायरल के बावजूद भी थाना क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन चरम सीमा पर-जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर उठते सवाल**

स्मार्ट हलचल | टोंक / अलीगढ़

जिले के उनियारा सर्किल क्षेत्र अन्तर्गत अलीगढ़ पुलिस थाना पुलिस के हैड कांस्टेबल सत्यप्रकाश जाट सहित पुलिसकर्मियों की बजरी माफियाओं से गहरी सांठगांठ एवं सुविधा शुल्क मिलने के बाद बजरी माफियाओं को थाना क्षेत्र व थाना क्षेत्र से बाहर बजरी परिवहन कराने का खुलेआम सिग्नल दिया जा रहा है। बीते दिनों अलीगढ़ थाना पुलिस के दो ऑडियो वायरल होने के बाद से क्षेत्र के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। तीन-चार दिन बाद भी वायरल ऑडियो व मीडिया में प्रसारित खबरों के बाद भी सर्किल व पुलिस महकमे के उच्चाधिकारियों द्वारा ऑडियो बातचीत में सामने आ रहे गश्त में मौजूद ड्यूटी ऑफिसर हैड कांस्टेबल सहित जाप्ता पुलिसकर्मियों पर कोई कार्रवाई नहीं होना क्षेत्र के लोगों में कोतुहल का विषय बना हुआ है। जबकि टोंक जिला पुलिस अधीक्षक इन दिनों बजरी माफियाओं पर कार्रवाई करने में सख्त है। लेकिन उनियारा सर्किल क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन के हाईवे सहित ग्रामीण रास्तों से दौड़ते ओवरलोड



तेज रफ्तार वाहन जो यमदूत बनकर दौड़ रहे हैं, इनके हालात कुछ ओर ही नजर आ रहे हैं। वहीं अलीगढ़ थाना क्षेत्र में बजरी माफियाओं से जुड़े लोगों का कथित तौर पर कहना है कि हम तो थाने की 500 रूपए चक्कर की एंट्री देकर बजरी डालते हैं बिना थाने की एंट्री दिए हुए तो पुलिस थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भी नहीं डालनें देती है। बात करें तो चौथ का बरवाड़ा सड़क से चोरू मार्ग पर रोजाना 70 से 80 ट्रैक्टर ट्रॉली बजरी से भरे हुए निकलते हैं। कुछ आसलगांव रोड़ व जाझेड़ा रोड़ से आने वाले वाहनों की एंट्री खुद थाना प्रभारी अपने खास लोगों व एक सिपाही को भेजकर ले जाते हैं। खुद थाना प्रभारी व एक सिपाही प्राइवेट नम्बर से वाट्सअप कॉलिंग करते हैं और एंट्री देने पर अवैध बजरी परिवहन का सिग्नल देते हैं। हालांकि पुलिस का ऑडियो वायरल होने के बाद मीडिया के सवाल पर डिप्टी एसपी उनियारा अनुज डाल ने वायरल ऑडियो में लिप्त नजर आ रहे पुलिस वालो के विरूद्ध जांच करवाकर निष्पक्ष कार्यवाही का भरोसा दिलाया था, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही आरोपी हैड कांस्टेबल सहित संलिप्त पुलिसकर्मियों के विरूद्ध नहीं हो पाई है। जबकि कथित जानकारी अनुसार अलीगढ़ कस्बे से निकलने वाले ट्रैक्टर ट्रॉलीयों की एंट्री में से पचास फीसदी हिस्सा डीओ ड्यूटी पर रहने वाले अधिकारी व बाकी थाना प्रभारी को दी जाती है। जिससे ड्यूटी पर रहने वाले अधिकारी अपने हिस्से से जेब गर्म करने के लालच में थाने के अन्य क्षेत्रों में गश्त नहीं करते हैं। जिससे अलीगढ़ थाना क्षेत्र में आएदिन अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। चोरियों व साईबर ठगी की वारदातें बढ़ती जा रही है। अब देखना यह होगा कि आखिर कब तक उनियारा सर्किल ऑफिसर सहित पुलिस के आला अधिकारी कब तक भ्रष्ट आचरण के हैड कांस्टेबल सहित बजरी माफियाओं से सांठगांठ में लिप्त पुलिसकर्मियों व थानाधिकारी पवन कुमार चौधरी की संदिग्धता की किस स्तर तक जांच कर पाते हैं या मामला डाक के तीन पात बनकर रह पाता हैं।

# फिल्मी स्टाइल में हिस्ट्रीशीटर के भाई का अपहरण, फिर छोड़ भागे

**5 थानों की पुलिस पीछे दौड़ी तो पटक कर भागे बदमाश**



स्मार्ट हलचल | कोटा

शहर में गैंगवार की आहट ने पुलिस की नींद उड़ा दी है। आपसी रंजिश के चलते बुधवार को बदमाशों ने कोटा के नामी हिस्ट्रीशीटर रोहित सिंगोर के भाई का दिनदहाड़े अपहरण कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही कोटा पुलिस कंट्रोल रूम हरकत में आया और शहर भर में 'ए' श्रेणी की नाकाबंदी करवा दी गई।

पुलिस का कड़ा पहरा देख घबराए सूचना मिलते ही शहर के 5 थानों की पुलिस अपहरणकर्ताओं की गाड़ी की लोकेशन ट्रेस करने और पीछा करने में जुट गई। पुलिस का बढ़ता दबाव और हर चौराहे पर सख्त चेकिंग देख बदमाश घबरा गए। वे अपहृत युवक को मेडिकल कॉलेज के पास सड़क पर छोड़कर फरार हो गए।

जांच जारी पुलिस ने पीड़ित युवक के बयान दर्ज कर लिए हैं। प्रारंभिक जांच में मामला पुरानी रंजिश का बताया जा रहा है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

# विधायक श्रीचंद कृपलानी ने भरा अपना मतदाता गणना पत्रक



**निम्बाहेड़ा।** विधायक श्रीचंद कृपलानी ने आज मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान के अंतर्गत अपना मतदाता गणना पत्रक भरकर एसआईआर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा किया। इसके बाद वह भावलिया ग्राम के बूथ संख्या 36 पर पहुंचे, जहाँ उन्होंने अपना फॉर्म बीएलओ रंगलाल को सौंपा।

इस दौरान विधायक श्रीचंद कृपलानी ने निर्वाचन विभाग द्वारा विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण एक अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण प्रक्रिया है और इस कार्य को स्थानीय बीएलओ द्वारा जिस निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ किया जा रहा है, वह प्रशंसनीय है। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं के विवरण की जांच कर सूची को अधिक सटीक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, प्रशासनिक टीम एवं समस्त निर्वाचन कर्मियों द्वारा क्षेत्र में जो व्यवस्थित और पारदर्शी कार्य किया जा रहा है, उसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है। उनके संयुक्त प्रयासों से मतदाता सूची अधिक सुव्यवस्थित और त्रुटिरहित बन रही है, जिससे आगामी चुनावों में मतदाताओं को किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। कृपलानी ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों के नाम, पता और आयु संबंधी विवरण की जांच कर निर्धारित अवधि में आवश्यक सुधार अवश्य करवाएं।

## कोटा में रोड रेज का खूनी खेल

# कार-बाइक की टक्कर के बाद दो सगे भाइयों को चाकुओं से गोदा, हालत गंभीर

**नयापुरा जेल के पास की घटना, इलाके में सनसनी, मामूली कहासुनी ने लिया हिंसक रूप**

स्मार्ट हलचल । कोटा

शिक्षा नगरी कोटा के नयापुरा थाना इलाके में बुधवार को रोड रेज की एक डरावनी घटना सामने आई। सेंट्रल जेल के पास कार और बाइक की मामूली टक्कर के बाद बाइक सवार बदमाशों ने कार में बैठे दो सगे भाइयों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। क्या है पूरा मामला? जानकारी के अनुसार, कार सवार दोनों भाई



बाजार से घर लौट रहे थे। तभी जेल के पास उनकी कार की एक बाइक से हल्की टक्कर हो गई। इस पर बाइक सवार युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब कार सवार भाइयों ने विरोध किया, तो बदमाशों ने आव देखा न ताव, चाकू निकालकर उन पर टूट पड़े।

गंभीर हालत में अस्पताल भर्ती हमले में दोनों भाई खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रचार प्रसार हेतु नुक्कड़ नाटक का किया मंचन



स्मार्ट हलचल

**बांदनवाड़ा अजमेर।** स्थानीय ब्लॉक भिनाय में दिनांक 27 11 2025 को नवभारत साक्षरता ( उल्लास ) कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु कार्यक्रम प्रभारी नरेश पारीक के निर्देशन मैं ग्राम बांदनवाड़ा रेलवे कॉलोनी गवारीया बस्ती तथा ग्राम पंचायत देवरिया बस स्टैंड देवरिया में नाथूलाल डांगी एंड पार्टी किशनगढ़ द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंथन किया गया नुक्कड़ नाटक के माध्यम से 15 से 35 वर्ष आयु की महिला व पुरुष को साक्षरता के संदर्भ में प्रेषित किया गया कार्यक्रम के प्रदर्शन के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेलवे कॉलोनी बांदनवाड़ा के प्राचार्य देवेंद्र कुमार सांखला राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवरिया प्रधानाचार्य अनीता शर्मा साक्षरता प्रभारी राकेश कुमार वैष्णव पवन कुमार धूमंस महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बांदनवाड़ा प्रधानाचार्य त्रिलोकचंद भांबी धर्मी चंद माली आरसी श्रीमती अनीता चंदेल उपस्थित थे।

# यादव गोल्ड मेडल से सम्मानित



स्मार्ट हलचल

**विराटनगर (जयपुर)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के निवासी पुरण मल यादव पुत्र श्री बिरदी चन्द यादव को स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर दिल्ली में के एन मोदी विश्वविद्यालय में योग विषय में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने पर माननिय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन जयराम गडकरी जी द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया यादव को गोल्ड मेडल मिलने पर क्षेत्र में खुशी का माहोल यादव ने बताया कि योग शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण यादव पुर्व से ही दे रहे हैं क्षेत्र में योग कि सेवाएं।

# विप्रा मेहता वियतनाम में आयोजित मिस कॉस्मो इंटरनेशनल 2025 में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

**विप्रा ने मिस दिवा कॉस्मो 2024 का खिताब जीत कर देश एवं शहर का नाम रोशन किया था**

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

शहर में जन्मी 22 साल की मॉडल और अभिनेत्री विप्रा मेहता वियतनाम में होने वाले मिस कॉस्मो इंटरनेशनल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए बुधवार को मुंबई से वियतनाम रवाना हुई । इस प्रतिस्पर्धा में लगभग 80 देशों से मॉडल्स भाग ले रही है, जिसका फाइनल 20 दिसम्बर को आयोजित होगा । एयरपोर्ट पर रवाना होने से पहले विप्रा ने कहा कि मैं बड़े सम्मान से सम्पूर्ण देशवासियों का धन्यवाद देती हूँ । यह क्षण वास्तव



में अविश्वसनीय है, क्योंकि एक समय था जब मेरे अंदर की छोटी बच्ची को लगता था कि उसके सपने उसके आसपास की दुनिया के लिए बहुत बड़े हैं। एक दशक पहले मैं किसी वैश्विक मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार होने की कल्पना भी नहीं कर सकती थी लेकिन आज मैं यहाँ खड़ी हूँ। इस उपलब्धि के पीछे मैं अकेली नहीं हूँ, मैं अपने माता-पिता की प्रार्थनाओं, अपने परिवार की शक्ति और हर उस भारतीय के मौन आशीर्वाद है, जिसने सपने देखने का साहस किया। मैं अपने साथ करोड़ों भारतवासियों के दिलों की उम्मीदें लेकर चल रही हूँ, जो मेरे लिए ताकत का काम करेगी । वियतनाम में होने वाली इस स्पर्धा में इस बार मैं भारत को यह ताज दिलाकर जरूर देशवासियों को गौरवान्वित करुँगी । विप्रा ने मिस कॉस्मो इंटरनेशनल संगठन का भी धन्यवाद दिया और कहा कि जिन्होंने मुझ जैसी महिलाओं को न केवल प्रतिस्पर्धा करने, बल्कि आगे बढ़ने, बदलने और विश्वास करने का मंच दिया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी विप्रा ने मिस दिवा कॉस्मो 2024 का खिताब जीत कर देश एवं शहर का नाम रोशन किया था।

# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने पूर्व चेयरमैन के बेटे को दी श्रद्धांजलि



स्मार्ट हलचल

**विराटनगर (जयपुर)।** शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को शाहपुरा पहुंचकर पूर्व चेयरमैन बद्री प्रसाद सैनी के युवा पुत्र रविन्द्र सैनी के सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान गहलोत ने रविन्द्र सैनी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर दिवगंत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। गहलोत ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हमारे युवाओं की जान जा रही है। सैनी के परिवार में शादी के एक दिन पहले यह दुर्घटना हुई है जो बहुत ही दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे और शोकाकुल परिवार को यह असहनीय पीड़ा सहने की शक्ति प्रदान करे। गहलोत ने गहरा शोक व्यक्त किया और शोकाकुल परिवार से मिलकर उनको ढांढस बंधाया। इस मौके पर सैकड़ों लोग एवं नेता मौजूद रहे।

# सईदी टोंक जिला कांग्रेस कमेटी का जिलाध्यक्ष मनोनीत



स्मार्ट हलचल

**विराटनगर (जयपुर)** । अखिल भारतीय केवट सेना महासंघ के पदाधिकारी प्रदेशाध्यक्ष डॉ नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष के निजी आवास पर किया स्वागत। साफा व गुलदस्ता भेट कर स्वागत एवं अभिनंदन कर मुह मिठा करवा कर दी बधाई।

टोंक विधानसभा क्षेत्र में सऊद सईदी को टोंक जिला कांग्रेस कमेटी का जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर अखिल भारतीय केवट सेना महासंघ के पदाधिकारी प्रदेशाध्यक्ष डॉ नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष के निजी आवास पर पहुच कर साफा व गुलदस्ता भेट कर स्वागत एवं अभिनंदन कर मुह मिठा करवा कर बधाई दी।

इस अवसर पर अखिल भारतीय केवट सेना महासंघ के संस्थापक मोतीलाल मेहरा चेयरमैन, टोंक जिला सहकारी भूमि विकास बैंक लि के आमसभा डायरेक्टर डॉ नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोवर्धन कीर, केवट सेना उपाध्यक्ष जितेन्द्र मेहरा, सचिव मोहनलाल कीर, उप सरपंच छोटूलाल कीर, पूर्व वार्ड पंच छीतरलाल कीर,प्रभू लाल मेहरा, लक्ष्मण मेहरा, भवानी राम केवट, बद्रीलाल कीर , परमानन्द मेहरा, गजानंद, नीरज मेहरा, महेन्द्र कीर, हरिराम कीर, नरेश कश्यप, दिनेश कीर, दिलखुश कहार , सहित अनेक समाज बंधु मोजूद थे।

तथा प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र मेहरा ने बताया की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सऊद सईदी सभी को साथ लेकर चलते हैं खासकर अति पिछड़े हुए समाजों को जिनकी सत्ता एवं संगठन में भागीदारी नहीं होती है जब सऊद सईदी युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष थे तब भी कीर समाज को प्रतिनिधित्व देने के लिए अपनी जिला कार्यकारिणी में शामिल किया था।

# 2585 प्रति क्विंटल पर होगी गेहूँ खरीद, किसानों को 48 घंटे में भुगतान

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

आगामी रबी विपणन सत्र 2026-27 के अंतर्गत प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीद को लेकर दिनांक 07 नवम्बर 2025 को जयपुर सचिवालय में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं।

भारतीय खाद्य निगम, उदयपुर के मंडल प्रबंधक रामफूल मीना ने बताया कि भारत सरकार द्वारा रबी विपणन सत्र 2026-27 हेतु गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। बैठक में राज्य में गेहूँ की कुल खरीद का लक्ष्य 23 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। उदयपुर मंडल में गत वर्ष 47000 एमटी गेहूं खरीद हुई थी। इस वर्ष लक्ष्य को 55000 एमटी रखा गया है और खरीद केंद्रों की संख्या भी 28 से बढ़ाकर 33 रखी गई है। इन सभी खरीद केंद्रों पर एचटीए नियुक्ति हेतु दिनांक बुधवार को जीईएम पर निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी है। किसानों के पंजीकरण एवं खरीद की समय-सीमा गत वर्ष की तर्ज पर निर्धारित की गई है।

किसान पंजीकरण - 01 जनवरी 2026 से 25 जून 2026 तक

गेहूँ खरीद - 10 मार्च 2026 से 30 जून 2026 तक

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी क्रय केन्द्रों पर छाया, पेयजल, सफाई, पावर क्लीनर, ड्रायर, नमी मापक यंत्र सहित सभी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान 48 घण्टों के भीतर पीएफएमएस के माध्यम से किया जाएगा तथा इसकी सतत निगरानी विभाग द्वारा की जाएगी। खरीद व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली को क्रय केन्द्रों पर लागू करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही ऐग्री एण्ड स्टॉक से प्राप्त फार्मर आईडी के माध्यम से पंजीकरण को भी चरणबद्ध रूप से लागू करने पर सहमति बनी है। इसके अलावा, मंडियों में एमएसची से कम दर पर बिक्री रोकने, निजी व्यापारियों द्वारा अवैध जमाखोरी पर कड़ी निगरानी, तथा गेहूँ के स्टॉक की नियमित निगरानी के निर्देश भी दिए गए हैं। किसानों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु हेल्पलाइन व्यवस्था को और प्रभावी बनाने का निर्णय लिया गया है। रामफूल मीना ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा में अपना पंजीकरण अवश्य कराएं एवं सरकारी क्रय केन्द्रों पर ही गेहूँ का विक्रय करें, ताकि उन्हें समर्थन मूल्य का पूरा लाभ मिल सके। भारतीय खाद्य निगम किसानों की सुविधा, पारदर्शिता और त्वरित भुगतान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु संतोष कुमार मीना, प्रबंधक (ख़रीद), भारतीय खाद्य निगम, मंडल कार्यालय, उदयपुर से संपर्क किया जा सकता है।

# स्वेटर पाकर खिले बच्चों के चेहरे



स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

जिले के ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा के ग्राम बांदनवाड़ा में राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को स्वर्गीय बादाम देवी मिट्ठू लाल पोखरना

चेरीटेबल ट्रस्ट जी 9भीलवाड़ा द्वारा जरुरतमंद बच्चों को ऊनीं वस्त्र स्वेटर वितरित किए गए !बच्चों को ऊनी स्वेटर पाकर बहुत खुश हुए स्वेटर वितरण कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षक संघ उप शाखा गंगरार के अध्यक्ष श्री रतन लाल जांगिड़, शारीरिक शिक्षक श्री अरविन्द मराठा, प्रबोधक एवं समाजसेवी श्री धर्मचंद आचार्य, प्रधानाध्यापिका सीमा राजपूत, शीला ढाका, सुरेश कीर, मंजू, खुशबु खटिक, देव सोलंकी आदि उपस्थित थे !ज्ञात हो कि इस एतिहासिक कार्यक्रम के संस्थापक श्री महेन्द्र कुमार, श्री अशोक कुमार, श्री अमित पोखरना जी 9 चेरीटेबल ट्रस्ट भीलवाड़ा है जिन्होंने 333 विद्यालयों के जरुरतमंद बच्चों को 5555 ऊनी स्वेटर निशुल्क प्रदान किए हैं समस्त शिक्षा विभाग व ग्रामीण जन जी9 चेरि टेबल ट्रस्ट भीलवाड़ा का हार्दिक आभार व्यक्त करते है।

# ओलम्पिक खेल ''लैक्रो'' के लिए राज्यपाल ने राजस्थान के खिलाड़ियों को दी आर्थिक सौगात

स्मार्ट हलचल | जयपुर/उदयपुर

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने अपने विवेकाधीन निधि से राज्य के खिलाड़ियों के राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए 10.20 लाख रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। यह राशि उन्होंने ओलम्पिक खेल ''लैक्रोस'' के जम्मू में आगामी 5 से 7 दिसम्बर को हो रहे द्वितीय फेडरेशन कप में भाग ले रहे खिलाड़ियो के लिए प्रदान की गई है। श्री बागडे ने लैक्रोस खेल के आगामी लॉस एन्जिल्स ओलम्पिक-2028 में सम्मिलित होने पर प्रसन्नता जताते हुए राजस्थान के खिलाड़ियों को अभी से वहां सभी वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयारी करने का आह्वान किया है।

राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने बताया कि राज्यपाल श्री बागडे ने अपने विवेकाधीन कोटे से राज्य के महिला और पुरूष वर्ग में भाग लेने वाले उदयपुर संभाग के 28 खिलाड़ियों के लिए यह राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी है। इससे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा और वे ओलम्पिक में अधिक बेहतर प्रदर्शन के लिए अभी से अपने आपको तैयार कर पाएंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री बागडे ने इससे पहले भी 'लैक्रोस'' खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता प्रदान की थी। उन्होंने स्वयं खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें राजस्थान को खेलों में अग्रणी करने के लिए प्रोत्साहित किया था। उन्होंने ''तृतीय राष्ट्रीय लैक्रोस'' प्रतियोगिता 2025-2026 के लिए भी राजस्थान के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देते हुए विवेकाधीन कोटे से 10 लाख रूपये की अनग्रह राशि लैक्रोस एसोसिएशन ऑफ इण्डिया को हस्तातंरित की थी। इस आर्थिक सहयोग और प्रोत्साहन से ही लैक्रोस की राजस्थान टीम ने विभिन्न वर्गों में अधिकृत 6 सभी प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किए थे। राजस्थान को इसके कारण पांच स्वर्ण, एक कांस्य पदक प्राप्त हुआ। राज्यपाल के सहयोग से ही प्रदेश की 9 महिला और 5 पुरूष, कुल 14 स्थानीय खिलाड़ी आगामी एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए भारतीय टीम में चयनित हुए हैं।

# पार्षद , एडवोकेट व पुर्व लोक अभियोजक अधिकारी के साथ सुपारी लेकर जानलेवा हमले करने के प्रकरण मे 5 आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल| बूंदी

जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशन में उमा शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बून्दी के मार्गदर्शन मे एवं श्री राजूलाल मीणा वृताधिकारी वृत नैनवा के निकटम सुपरविजन मे थानाधिकारी पुलिस थाना नैनवां के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा पार्षद ,एडवोकेट व पुर्व लोक अभियोजक अधिकारी के साथ सुपारी लेकर जानलेवा हमला करने के प्रकरण मे त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी (1).कोशल पुत्र रामसहाय उम्र 25 साल निवासी बामनगाँव थाना नैनवा जिला बून्दी, (2.)आबिद हुसैन पुत्र निशार अहमद उम्र 29 साल निवासी वार्ड.16 चुंगीनाका नैनवा थाना नैनवा जिला बून्दी एवं 3 आरोपियो को बापर्दा गिरफ्तार सहित कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 24.11.2025 को फरियादी ओमप्रकाश पुत्र शोजीलाल जाति गुर्जर उम्र 47 साल निवासी वार्ड न 03 नेनवा थाना नैनंवा जिला बून्दी ने एक लिखित रिपोर्ट इस आश्य के पेश की दिनांक 23.11.2025 को शाम को 6.30 बजे की बात है कि देई नैनवां रोड़ पर स्थित रामबाबू की चाय की दुकान पर बैठा था वहां से उठकर मेरी मोटर साईकिल के पास घर आने के लिए आया और मोटर साईकिल पर बैठा ही था कि वहां पर रोड़ के किनारे खड़ी एक सफेद रंग की कार से चार व्यक्ति हाथ में लोहे के सरिये व लकड़ी के डण्डे लेकर उत्तरे ओर उक्त अज्ञात चारों व्यक्तियों ने आते ही कहा कि आज मौका मिला इसे जान से खत्म कर दो इतने में ही मुझे जान से खत्म करने के आश्य से मेरे सिर पर लोहे के सरिये की मारने की कोशिश की तो मैने उक्त सिरये को अपने बाये हाथ से पकड़ लिया अन्य मेरे सिर पर गंभीर प्राण घातक चोट आती। मेरे उक्त वार को झेलने में मेरे पाचे हाथ की अंगूली में गंभीर चोटे आई है। उक्त व्यक्तियों ने मेरे साथ लोहे के सरिये व लकड़ी के डण्डो की



मारपीट करने से मेरे शरीर पर कई चोटे आई है मैं चिल्लाया तो दुकान सरिये मालिक रामबाबू व बद्रीलाल सैनी व मुकेश यादव भागकर आये जिन्होने मुझे बचाया अन्य मुझे जान से खत्म कर देते। मुल्जिमान जाते जाते कहकर गये है कि मौका मिलते ही जान से खत्म करके रहेंगे। गंभीर चोट आने की वजह से इलाज करवाने में व्यस्थ था इसलिए रिपोर्ट दर्ज नहीं करवा सका अब रिपोर्ट कराने आया हूँ मुझे शक है कि रंजिश की वजह से राजू गुर्जर ने उक्त व्यक्तियों को भिजवाकर मुझे जान से मारने के लिए पूरी कोशिश की है। उक्त घटना पर मु.न. 349/2025 धारा 115(2), 126(2), 189(2), 110 बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना की गम्भीरता को देखते हुए आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों की पालना मे राजूलाल वृताधिकारी वृत नैनवां के सुपरविजन मे एवं कमलेश कुमार पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना नैनवां के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया । पुलिस टीम द्वारा प्रकरण मे दोराने अनुसंधान आरोपीयो की तलाश पतारसी की गई , तकनीकी साक्ष्यो का संकलन कर गहन विश्लेषण किया गया व अथक प्रयासो के उपरान्त जानलेवा हमले के 3 आरोपीयो को नन्दबई भरतपुर से डिटेन किया गया , प्रकरण मे बाद अनुसंधान धारा 49,112,61(2) बीएनएस जोडी गई बाद अनुसंधान तीनो आरोपीयो को बापर्दा गिरफ्तार किया गया व सुपारी लेने वाले आरोपी 1.कोशल पुत्र रामसहाय उम्र 25 साल निवासी बामनगाँव थाना नैनवा जिला बून्दी,2.आबिद हुसैन पुत्र श्री निशार अहमद उम्र 29 साल निवासी वार्ड.16 चुंगीनाका नैनवा थाना नैनवा जिला बून्दी को बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया । प्रकरण मे अग्रिम अनुसंधान जारी है मुख्य षड्यनत्रकर्ता सूत्रधार राजकुमार गुर्जर व इसके साढू नवनीत गुर्जर निवासी बामनगाँव व अन्य की तलाश जारी है ।

पार्षद ओमप्रकाश ने राजकुमार के अतिक्रमण की शिकायत भी दी थी, जिस पर प्रशासन ने अतिक्रमण भी हटाया था जिसको लेकर राजकुमार व उसके साढू नवनीत निवासी बामनगाँव ने बदला लेने के लिये आपसी षडयंत्र रचकर ओमप्रकाश के साथ मारपीट करने की, कोशल धाकड निवासी बामनगाँव व आबिद हुसेन निवासी नैनवा को 1,70,000 रुपये (एक लाख सत्तर हजार रुपये ) की सुपारी दी , कोशल धाकड व आबिद हुसेन ने मारपीट के लिये दिनांक 23.11.2025 को लडके बुलाकर ओमप्रकाश के साथ मारपीट करवाई

## सीएमएचओ ने साफ-सफाई पर दिखाई सख्ती, वार्ड इंचार्ज पाबंद– सफाई कॉन्ट्रैक्टर पर कार्रवाई के संकेत



स्मार्ट हलचल| बूँदी

गुरुवार को सीएमएचओ डॉ. ओ. पी. सामर ने जिला अस्पताल का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई, व्यवस्थाओं, टीकाकरण सेवाओं, डिलीवरी पॉइंट, वार्ड प्रबंधन और मरीज सुविधाओं सहित सभी महत्वपूर्ण इकाइयों का विस्तृत मूल्यांकन किया।

निरीक्षण के समय पीएमओ डॉ. एल. एन. मीणा, एडिशनल सीएमएचओ डॉ. कमलेश शर्मा, वार्ड इंचार्ज सहित अन्य स्टाफ भी मौजूद रहे। सीएमएचओ ने अस्पताल में पाई गई साफ-सफाई की कमियों पर कड़ी नाराज़गी जताई और संबंधित ठेकेदार को 3 दिनों के भीतर व्यवस्था सुधारने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि समयसीमा में सुधार नहीं होने पर कॉन्ट्रैक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पालना गृह (नवजात शिशु पालना गृह), टीकाकरण कक्ष, डिलीवरी प्वाइंट, सामान्य वार्ड, एनबीएसयू वार्ड (नवजात शिशु विशेष देखभाल इकाई) सहित सोनोग्राफी केंद्र, पोस्ट नेटल वार्ड, मां योजना के तहत मिलने वाली सेवाओ विशेष रूप से इन इकाइयों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इन सभी इकाइयों में रिकॉर्ड, साफ-सफाई, उपकरण, स्टाफ की उपस्थिति, सेवा गुणवत्ता तथा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

## क्षत्रिय समाज ने सरपंच मीना कंवर के विरुद्ध कार्यवाही पर रोष व्यक्त किया

स्मार्ट हलचल| कोटा



ग्राम पंचायत कुंदनपुर की पूर्व सरपंच एवं पूर्व मंत्री दिवगंत भरत सिंह की पत्नी मीना कंवर पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में केस दर्ज मामले को लेकर क्षत्रिय समाज ने गहरी आपत्ति एवं रोष प्रकट किया है। हाडौती क्षत्रिय शिक्षा प्रचारणी समिति अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भंवर सिंह घाटी ने इस प्रकार की कार्रवाही को राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि सरपंच मीना कंवर को राजनीतिक द्वेषवश निशाना बनाया जा रहा है। उनके विरुद्ध की गई शिकायतें निराधार हैं और समाज इसे एक सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र मानता है। मीना कंवर ने अपने कार्यकाल में हमेशा ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी है तथा पंचायत क्षेत्र में अनेक विकास कार्य करवाए हैं।

समाज प्रतिनिधियों ने कहा कि एसीबी में दर्ज मामले की जांच निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से होनी चाहिए, लेकिन किसी भी व्यक्ति को बिना ठोस साक्ष्यों के केवल आरोपों के आधार पर बदनाम करना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत है। भंवर सिंह घाटी ने मांग की है कि राज्य सरकार और संबंधित विभाग इस मामले की निष्पक्ष जांच कराए और समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए सरपंच मीना कंवर की प्रतिष्ठा को आंच न आने दे। यदि उनके खिलाफ इस प्रकार की राजनीतिक प्रताड़ना जारी रही तो क्षत्रिय समाज मजबूर होकर लोकतांत्रिक तरीके से उग्र आंदोलन करेगा।

# बूंदी पुलिस ने 13 लाख रुपये कीमत के 70 मोबाईल फोन बरामद कर मालिको को लौटाये

**बून्दी पुलिस द्वारा लगातार बड़ी सख्यां मे मोबाईल फोन बरामद कर आमजन को राहत पहुंचाई गई**

**मोबाइल गुम होने पर सीइआइआर पोर्टल के माध्यम से गुमशुदगी दर्ज करा सकते हैं**





स्मार्ट हलचल| बूंदी

जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा ने बताया की महानिदेशक पुलिस साईबर क्राईम राज. जयपुर द्वारा चलाये जा रहे विशेष साइबर अभियान के दौरान जिले के सभी पुलिस थानो द्वारा जिला बूंदी से गुमशुदा हुये 70 मोबाईल फोन को ट्रेस कर बरामद कर वास्तविक मोबाईल धारकों को वापस लौटाये गये। बरामद किये गये 70 मोबाईलों की कीमत लगभग 13 लाख रूपये है।

महानिदेशक पुलिस साईबर क्राईम राज. जयपुर द्वारा चलाये जा रहे 'विशेष साइबर अभियान '' के तहत जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा गुमशुदा मोबाईल फोन की अधिक से अधिक बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था । पुलिस टीमो द्वारा कई दिनो तक तकनीकी विश्लेषण कर सीइआइआर पोर्टल से ट्रेस हुये गुमशुदा मोबाईलों मे से कुल 70 मोबाईलों (लगभग 13 लाख रूपये कीमत ) को बरामद करने में सफलता प्राप्त की । जिनको पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुमशुदा मोबाईल के वास्तविक धारको को वापस किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा आम-जन से अपील है कि अगर किसी भी व्यक्ति का मोबाईल चोरी/गुम होता है तो अपने नजदीकी थाने पर जाकर अथवा साइबर थाने में जाकर गुमशुदगी दर्ज करायें या स्वयं भी सीइआइआर पोर्टल के माध्यम से गुमशुदगी दर्ज करा सकते हैं।

## संतरागाछी-अजमेर स्पेशल एक्सप्रेस की संचालन अवधि बढ़ाई

स्मार्ट हलचल| कोटा

सर्दियों के दौरान बढ़ते यात्री दबाव को ध्यान में रखते हुए कोटा मंडल के अटरू,बारां,सोगरिया,बूंदी,मंडलगढ़ से होकर गुजरने वाली संतरागाछी-अजमेर स्पेशल एक्सप्रेस की संचालन अवधि को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

1.गाड़ी संख्या 08611 संतरागाछी-अजमेर स्पेशल एक्सप्रेस(प्रत्येक सोमवार) को 01.12.2025 से 29.12.2025 तक कुल 05 ट्रिप के लिए विस्तारित किया गया है।

2.गाड़ी संख्या 08612 अजमेर-संतरागाछी स्पेशल एक्सप्रेस(गुरुवार) को 04.12.2025 से 01.01.2026 तक कुल 05 ट्रिप के लिए विस्तारित किया गया है। यात्रियों से अपील है कि यात्रा से पूर्व ट्रेन की नवीनतम स्थिति, समय, ठहराव एवं संचालित दिनों की अद्यतन जानकारी के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा एनटीईएस मोबाइल ऐप का उपयोग करें।

## गड़ेपान क्षेत्र में चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड द्वारा स्वेटर एवं स्कूल बैग वितरण की शुरुआत



स्मार्ट हलचल| गड़ेपान

चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड द्वारा KKBMS के तत्वावधान में आज से अनुरक्षित विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्यार्थियों हेतु स्वेटर और स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संस्था द्वारा आज गड़ेपान एवं गड़ेपान की झोपड़ियां के सरकारी विद्यालयों में किए गए वितरण के तहत प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययनरत लगभग 150 बच्चों को स्वेटर एवं बैग प्रदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गड़ेपान के सरपंच श्री हनुमान जी गोचर, श्री शांतिलाल जी मीणा, श्री रमेश्वर जी मीणा, श्री सुरेश चन्द्र जी मीणा, श्री लक्ष्मीनारायण जी मीणा, श्री बुद्धि प्रकाश जी मीणा, विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती मैना जैन तथा SDMC सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर CFCL के CSR हेड श्री विकास पी. भोले ने बताया कि संस्था शिक्षा एवं समुदाय विकास के विभिन्न आयामों पर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि CFCL द्वारा सहयोग प्राप्त सभी विद्यालयों की प्राथमिक कक्षाओं एवं आंगनवाड़ियों के बच्चों को ठंड से बचाव हेतु स्वेटर तथा विद्यालय आने के लिए स्कूल बैग आगामी दिनों में वितरित किए जाएंगे, जिससे बच्चों की उपस्थिति एवं सीखने की निरंतरता बनी रहे।

## कल्याणपुरा-भौरां के मध्य समपार फाटक पर 30 नवम्बर को सड़क यातायात बंद

स्मार्ट हलचल| कोटा

रेलपथ के आवश्यक रखरखाव हेतु कल्याणपुरा-भौरां के मध्य स्थित मानव सहित समपार फाटक सं. 13 , दिनांक 30 नवम्बर 2025 को प्रातः 08:00 से सायं 18:00 बजे तक सड़क यातायात बंद रहेगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि इस अवधि में भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, जबकि छोटे वाहन एल.एच.एस.-12 (किमी 25/18-20) से होकर संचालित किए जाएंगे। रेलवे प्रशासन ने आमजन से अनुरोध किया है कि वे असुविधा से बचने हेतु वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

## एसआईआर को लेकर मंडल स्तरीय बीएलए प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न



**चित्तौड़गढ़।** एसआईआर के संदर्भ में चित्तौड़ गढ़ विधानसभा के बीएलए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नव नियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में विधानसभा प्रभारी संदीप पुरोहित मौजूद रहे।

सोशल मीडिया प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में पुरोहित ने मंडल अध्यक्षों और बीएलए को एसआईआर के संबंध में विस्तार से बताया। इस दौरान निवर्तमान नगर परिषद चेयरमैन संदीप शर्मा ने मतदाता सूची में नाम काटे जाने और नाम जोड़े जाने पर सतर्कता बरतने पर जोर दिया। वहीं जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह सिसोदिया ने बीएलए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए विश्वास दिलाया कि सब वरिष्ठों और हर कार्यकर्ता को संगठन में उचित सम्मान दिया जाएगा, हर कार्यकर्ता अपने आप को जिलाध्यक्ष समझ कर पार्टी को मजबूत करने का काम करे। पार्षद सुमंत सुहालका ने जिलाध्यक्ष पद पर सिसोदिया की नियुक्ति को सर्वश्रेष्ठ निर्णय बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अहसान पठान ने किया। कार्यक्रम के दौरान ही समस्त कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया का माला पहना कर व उपरना ओढ़ा कर स्वागत किया। इस प्रशिक्षण शिविर में वरिष्ठ नेता दिलीप नेभनानी, भदेसर पूर्व प्रधान गोविंद सिंह शक्तावत, मण्डल अध्यक्ष इम्तियाज़ लोहार (हेरिटेज जोन), विजय चौहान (साउथ जोन), विजय चौधरी (नॉर्थ जोन), विनोद लड्ढा (सेंट्रल जोन), दिनेश शर्मा (घोसुंडा), लक्ष्मण सिंह सांखला (पांडोली), गोविंद कोठारी (सावा), लक्ष्मी नारायण कुमावत (भदेसर), जिला सचिव दिनेश गुर्जर, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव संजू सेन, सचिव खुमेंद्र गुर्जर, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव सफ़ीना खान, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष संजय राव, जिलाध्यक्ष मजदूर कांग्रेस अजय लोट सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शांति भंग के आरोप पांच गिरफ्तार

**राशमी।** पुलिस ने आपस में लड़ाई झगड़े की दो घटनाओं में कार्यवाही करते हुए पांच व्यक्तियों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के भीमगढ़ गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। इस घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शंकर लाल पुत्र नारू लाल जाट की शिकायत पर उदयलाल पुत्र लेहरू लाल जाट और नारायण पुत्र ऊंकार जाट को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर उपखण्ड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया।

इसी प्रकार मैदाखेड़ी निवासी छोटू उर्फ गोटू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रतनलाल व अंबालाल पुत्र भैरूलाल बैरवा के मकान के बाहर से ट्रैक्टर लेकर निकल रहा था। इस दौरान दोनों भाइयों सहित माधव लाल पुत्र रामेश्वर लाल बैरवा ने उस पर बालिका को टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए मारपीट कर दी। जिस पर पुलिस ने तीनों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर उपखंड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया।

## सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान, ग्रामीण परेशान

स्मार्ट हलचल| बानसूर



क्षेत्र में लोयती से कांकरिया को जोड़ने वाली मुख्य संपर्क सड़क इन दिनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। ग्राम कोथल में सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और जलभराव के कारण राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन इस और ध्यान ही नहीं दे रहा उन्होंने क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत व संबंधित विभाग से सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के बाद से सड़क की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। गहरे गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालक आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं, जबकि जलभराव की वजह से पैदल चलना भी मुश्किल बन गया है। यह सड़क खेतों, स्कूलों और कस्बे तक पहुंचने का प्रमुख मार्ग है, लेकिन खराब हालत के कारण लोगों को रोजाना जोखिम उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद विभागीय अधिकारियों ने केवल आश्वासन ही दिया है।

## सादुलपुर क्रय-विक्रय समिति अध्यक्ष ने किसानों के लिए उठाया मूंग खरीद और खाद आपूर्ति का मुद्दा

स्मार्ट हलचल



**सादुलपुर।** क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष गणपत राम ख्यालिया ने जयपुर में आयोजित कानफैड की 40वीं वार्षिक साधारण सभा में प्रमुख सचिव मंजू राजपाल आई.ए.एस. के समक्ष चूरू जिले के किसानों से संबंधित गंभीर मुद्दे उठाए।

ख्यालिया ने जोर देकर कहा कि समर्थन मूल्य पर एनसीसीएफ द्वारा राजफैड के माध्यम से हो रही मूंग खरीद में काले और लाल दाने वाले मूंग को भी शामिल किया जाए। उन्होंने बताया कि बीमा कंपनियों द्वारा पहले ही अत्यधिक बरसात से खराब हुए इन मूंगों को क्लेम से बाहर कर दिया गया है, और अब खरीद में भी वंचित करना किसानों पर दोहरी मार है। उन्होंने दाल की गुणवत्ता समान होने का तर्क देते हुए खरीद में शिथिलता देने की मांग की ताकि किसानों को राहत मिल सके।

इसके अतिरिक्त, ख्यालिया ने यूरिया खाद की समय पर और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि सहकारी संस्थाओं में खाद की कमी है, जबकि निजी क्षेत्र में विक्रेता मनमर्जी के भाव से बिक्री कर रहे हैं। उन्होंने इफको, कृभको, नैफेड और एनसीसीएफ के राज्य प्रमुखों से भी मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने राजफैड के प्रबंध संचालक से राजगढ़ तहसील के गलत तरीके से काटे गए 2558 मूंग टोकन की जाँच करवाकर किसानों को दोबारा लाभ देने की भी मांग की।

## जीनत खान बनी मुस्लिम महासभा की ख्वातीन विंग की संभाग अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल । अजीम खान



**करौली।** मुस्लिम महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशमा सोलंकी, राष्ट्रीय संरक्षक सिकंदर पठान ने जीनत खान को ख़ुवातीन विंग की जयपुर संभाग अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है।

नियुक्ति आदेश जारी होते ही जयपुर संभाग सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देने वाला कदम बताया।

जीनत खान लंबे समय से समाज सेवा, शिक्षा प्रचार प्रसार और महिलाओं के मार्गदर्शन से जुड़ी रही है। उन्होंने सदैव समाज में एकता भाईचारा और शिक्षा के प्रसार के लिए सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी मेहनत और समर्पण को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशमा सोलंकी, राष्ट्रीय प्रभारी अमजद पठान, प्रदेश अध्यक्ष इकबाल खान भाटी व प्रदेश मीडिया प्रभारी अजीम खान चिनायटा व राष्ट्रीय महासचिव आबिद खान ने सोशल मीडिया पर बधाई देते हुए कहा कि जीनत खान जैसी महिला जुझारू और ईमानदार कार्यकर्ता संगठन की रीड है। हमें विश्वास है उनके नेतृत्व में जयपुर संभाग में संगठन और अधिक मजबूत होगा।

# जिले के 13 बीएलओ राज्यस्तर पर सम्मानित, चित्तौड़गढ़ की प्रगति 90 प्रतिशत से अधिक



**चित्तौड़गढ़।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समय पूर्व शत प्रतिशत कार्य करने वाले राज्यस्तर पर सम्मानित 500 बूथ लेवल अधिकारियों में जिले के भी 13 बीएलओ शामिल है। जिले की गणना पत्र ऑन लाईन करने की प्रगति भी 90 प्रतिशत से अधिक हो गई है। जिले के 14 लाख 10 हजार 621 मतदाताओं में से लगभग 13 लाख मतदाताओं के गणना पत्र ऑनलाइन हो चुके है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान नवीन महाजन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर जिले के जिन बीएलओ को सम्मानित किया गया, उसमें चित्तौड़गढ विधानसभा से सुनीता सोनी, गोपाल सोलंकी, गोपाल लाल शर्मा, बेगूं से अशोक राज बानावत, कपासन से शांतिदास एवं निम्बाहेडा विधानसभा से भगवान लाल गदरी, रामलाल रेगर, राकेश शर्मा, खेमराज कुम्हार, ओमप्रकाश बेनीवाल, मुकेश सिंह गुर्जर, देवीलाल जटिया एवं दुष्यंत शर्मा शामिल है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी चयनित बीएलओ की प्रतिबद्धता, समयबद्धता तथा मतदाता सूची सुधार कार्य में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि बीएलओ की निष्ठा ही निर्वाचन कार्यों की विश्वसनीयता और पारदर्शिता का आधार है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में राज्य स्तर पर श्रेष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ सुपरवाईजर को भी सम्मानित किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन ने सभी सम्मानित बीएलओ को बधाई देते हुए कहा कि इन बूथ लेवल अधिकारियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन अन्य बीएलओ के लिए भी प्रेरणास्पद है।

### सीईओ जिला परिषद ने डूंगला में किया निरीक्षण

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक ने गुरुवार को डूंगला ब्लॉक का निरीक्षण कर वहां चल रहे एसआईआर संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सुपरवाइजर, पटवारी एवं बीडियो को मतदाता सूची में गणना पत्र के 100 प्रतिशत मैपिंग एवं डिजिटाइजेशन कार्य में सक्रिय भूमिका निभाते हुए, आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीईओ पाठक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र मतदाता का विवरण समयबद्ध रूप से ऑनलाइन दर्ज हो तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि या लंबित प्रकरण शेष न रहें। पाठक ने फील्ड स्तर पर कार्य कर रहे कार्मिकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विशेष पुनरीक्षण का यह चरण अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी अधिकारी समन्वय पूर्वक कार्य करते हुए लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें।

# 15 लाख की लागत से विकसित हो रहा श्मशान, विधायक ने लिया जायजा



स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** नगरपालिका क्षेत्र के ज्ञानपुरा स्थित श्मशान भूमि में 15 लाख रुपए की लागत से चल रहे निर्माणाधीन विकास कार्य का गुरुवार को विधायक देवीसिंह शेखावत ने निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर कार्यों को बारीकी से देखा और अधिकारियों से प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विधायक शेखावत ने सौंदर्यीकरण, बाउंड्री वॉल, बैठने की व्यवस्था, पेयजल सुविधा सहित सभी विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि श्मशान भूमि जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक जगहों पर मूलभूत सुविधाओं का उपलब्ध होना बेहद जरूरी है, ताकि अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और इन्हें निर्धारित समय सीमा में पूरा करवाने के निर्देश दिए। इसी दौरान उन्होंने क्षेत्र में गंदे पानी की निकासी से संबंधित समस्याओं को भी गंभीरता से लेते हुए ज्ञानपुरा और आसपास के इलाकों में जलभराव की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। विधायक शेखावत ने नगरपालिका अधिकारियों को प्रभावी ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने, नालों की नियमित सफाई करने और जल निकासी मार्गों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और जनहित से जुड़े प्रोजेक्ट्स में तेजी लाई जाए। क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुंचना जरूरी है। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका ईओ विशाल यादव, राजदीप सिंह शेखावत, ठेकेदार महेन्द्र यादव, महेन्द्र चौधरी सहित नगरपालिका कर्मी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# मुख्य बाजार में एक सप्ताह से खुला पड़ा गड्ढा, पानी हो रहा बर्बाद

स्मार्ट हलचल



**नारायणपुर।** कस्बे में जलदाय विभाग की लापरवाही इन दिनों आमजन के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। मुख्य बाजार में क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को ठीक करने के लिए खोदा गया गड्ढा पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से खुला पड़ा हुआ है, जिससे लगातार दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोग विभाग की उदासीनता से नाराज हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जलदाय विभाग की पाइपलाइन मुख्य बस स्टैंड, पुरुषोत्तम मार्केट, बानसूर रोड सहित कुल चार जगहों पर क्षतिग्रस्त पड़ी है। लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, जिसके चलते हजारों लीटर पानी रोजाना व्यर्थ बह रहा है। क्षतिग्रस्त लाइन से निकल रहा पानी मुख्य बाजार, अस्पताल, गुवारियों का मोहल्ला, पुरुषोत्तम मार्केट, खेल स्टेडियम, बानसूर रोड, अलवर रोड सहित कई इलाकों की सप्लाई को प्रभावित कर रहा है। लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा, जिसके कारण लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे इस समस्या को लेकर कई बार जलदाय विभाग के आला अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन विभाग के अफसर सुनने को तैयार नहीं हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही क्षतिग्रस्त लाइन को ठीक नहीं कराया गया, तो जलदाय विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

# यूएनआईडीओ कॉन्फ्रेंसः मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने का संकल्प दोहराया





स्मार्ट हलचल | रियाद

भारत ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में आयोजित यूनाइटेड नेशंस इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (यूएनआईडीओ) की जनरल कॉन्फ्रेंस में आने वाले कुछ वर्षों में देश को मैन्युफैक्चरिंग हब के तौर पर तैयार करने के अपने संकल्प को दोहराया। इस दौरान देश ने 2047 तक 'विकसित भारत' के अपने सपने को साकार करने के लिए मजबूत विनिर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया।

ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना स्थित संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत शंभू एस. कुमारन ने रियाद में आयोजित इस इंटरनेशनल इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया। कुमारन ने यूएनआईडीओ की जनरल कॉन्फ्रेंस में भारत का नेशनल स्टेटमेंट देते हुए कहा भारत ने खुद को दुनिया के सबसे उम्मीद जगाने वाले मैन्युफैक्चरिंग हब में से एक के तौर पर पक्का कर लिया है। 2047 तक 'विकसित भारत', यानी एक डेवलप्ड भारत के नेशनल गोल को पूरा करने के लिए मजबूत मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ जरूरी है।

ऑस्ट्रिया स्थित भारतीय दूतावास द्वारा 26 नवंबर को जारी एक बयान के अनुसार कुमारन ने कहा भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने गवर्नेंस को फिर से डिफाइन किया है और पब्लिक सर्विसेज की एफिशिएंट डिलीवरी को पहले कभी नहीं हुए पैमाने पर मुमकिन बनाया है। हम भारत के डिजिटल सॉल्यूशंस को दुनिया तक ले जाने के लिए यूएनआईडीओ के साथ पार्टनरशिप करने का इंतजार कर रहे हैं।

भारतीय राजनयिक ने कहा कि फरवरी 2026 में भारत में होने वाले 'एआई इम्पैक्ट समिट' के लिए इंक्लूजन और इम्पैक्ट मुख्य पिलर हैं। एआई के लिए भारत का अप्रोच इसे ह्यूमन वेलफेयर के लिए जिम्मेदारी से इस्तेमाल करना है। उन्होंने एसडीजी लक्ष्यों की प्राप्ति पर जोर देने के साथ ही यह भी कहा कि भारत नेट जीरो पाने के लिए ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा देने पर भी फोकस कर रहा है।

# कूल कुंड से पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रोली जब्त

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** वन विभाग की घाटा रेंज ने गुरुवार को अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कस्बे की कूल कुंड से पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रोली जब्त की। रेंजर जितेन्द्र ने बताया कि मोहनलाल पुत्र यादराम निवासी नारायणपुर द्वारा ट्रैक्टर-ट्रोली में पत्थर भर कर ले जा रहा था। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने पुलिस के सहयोग से मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर-ट्रोली को पकड़ लिया। हालांकि ट्रैक्टर चालक मौके से भागने में सफल हो गया। वन विभाग ने पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रोली को सीज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग का कहना है कि क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जन-जन को न्याय दिलाने की पहलः स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली पर अधिवक्ताओं को प्रशिक्षण

स्मार्ट हलचल



**सादुलपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा), जयपुर के दिशा-निर्देशों एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), चूरू, रविन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में गुरुवार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू के सचिव, डॉ. शरद कुमार व्यास ने महत्त्वपूर्ण पहल की। उन्होंने रालसा, जयपुर द्वारा संचालित 'न्याय आपके द्वार' अभियान के तहत स्थानीय बार संघ, राजगढ़ में एक क्षमता निर्माण (कैपेसिटी बिल्डिंग) कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, राजगढ़, मुनेश चंद यादव; अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजगढ़, श्रीमती नीलम मीणा; न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजगढ़, मयंक मीणा; अध्यक्ष, बार संघ, राजगढ़, विक्रमपाल जांगिड़; सहित स्थानीय बार संघ, राजगढ़ के सभी अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान, सचिव डॉ. शरद कुमार व्यास ने उपस्थित अधिवक्तागण को स्थायी लोक अदालत से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि स्थायी लोक अदालत क्या है?, इसकी स्थापना कौन करता है, इसकी अधिकारिता और प्रक्रिया क्या है, तथा इसमें मामला कैसे दायर किया जाता है। उन्होंने विशेष रूप से यह स्पष्ट किया कि स्थायी लोक अदालत के अवार्ड की कानूनी वैधता क्या होती है और इसमें कौन-कौन से मामले नहीं लाए जा सकते हैं। डॉ. व्यास ने स्थायी लोक अदालत के लाभों, इससे संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों, और उन सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं पर भी प्रकाश डाला जिन पर पीएलए का अधिकार क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि पीएलए में प्रक्रिया सरल और पारदर्शी होती है, जो इसे आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी बनाती है। साथ ही, शिकायत कौन दर्ज कर सकता है, इस विषय पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता प्रीतम कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

# छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्वेटर वितरित किए

स्मार्ट हलचल | बानसूर



कस्बे के महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाढ़ ठेगूवास में बुधवार को सर्द मौसम में मानवता की गर्माहट का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। विद्यालय स्टाफ और कस्बे के भामाशाहों की पहल पर कक्षा 1 से 11 तक के सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्वेटर वितरित किए गए।कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य दीपक शर्मा ने भामाशाहों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक सहयोग ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। भामाशाह संजय वैष्णव ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को ठंड से बचाव में मदद करना उनका सामाजिक दायित्व है।स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। कार्यक्रम ने विद्यालय परिसर में गर्मजोशी का माहौल बना दिया।इस अवसर पर व्याख्याता रणवीर सिंह, रविन्द्र सिंह, हीरा सिंह, धर्मवीर, पंकज सिंह, राजेश, संगीता शर्मा, सुमन सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। इधर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हमीरपुर में खंदारी ग्लोबल बेवरेज लिमिटेड गुरुग्राम व जीएसटी विभाग भिवाड़ी के डिप्टी कमिश्नर महेंद्र यादव के सहयोग सें छात्र-छात्राओं को 300 गर्म स्वेटर वितरित कीं गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करतें हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने विद्यार्थियों को स्कूल में मिलने वाली विभिन्न लाभकारी योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति, आपकी बेटी योजना, गार्गी पुरस्कार और भामाशाहों से मिले सहयोग का फायदा उठाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।प्राचार्य शीशराम गुर्जर ने भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित किया। इस कार्य में शिक्षक देवेंद्र यादव का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर सरपंच सीता देवी, किशन लाल बागडी, डॉक्टर ओम प्रकाश भडाणा, सुनील शर्मा, गिरिराज मीणा, नीलम यादव, कृष्णा गुर्जर, सुरेश यादव, अमित लाटा, मुखराम गुर्जर, घनश्याम सैनी, बाबूलाल नारनौलिया सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहें।

# अयोध्या का यह दृश्य आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत के पुनर्जागरण का प्रतीक बनकर दर्ज रहेगा



(शाश्वत तिवारी)

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार

अयोध्या हमेशा केवल एक शहर नहीं रही, वह भारतीय मानस की धड़कन, सभ्यता की स्मृति और करोड़ों लोगों की आस्था की सबसे ऊँची अभिव्यक्ति रही है। यह वही भूमि है जहाँ मर्यादा-पुरुषोत्तम श्रीराम का चरित्र हजारों वर्षों से भारतीय चेतना को अनुशासन, धर्म और मानवता का मार्ग दिखाता रहा है। इसलिए जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में धर्म-ध्वजा की स्थापना के दौरान भावनाओं में डूबकर कांपते हाथों से पताका को स्थापित किया और उनकी आँखों से आँसू बह निकले, तो वह केवल एक व्यक्तिगत भावुक क्षण नहीं था। यह एक ऐसे राष्ट्र का प्रतीकात्मक दृश्य था जो अपनी सभ्यता, अपनी सांस्कृतिक जड़ों और अपने आत्म-सम्मान को पुनः स्थापित होते देख रहा था।

इस दृश्य ने भारत के राजनीतिक विमर्श, सांस्कृतिक मानस और राष्ट्रीय मनोविज्ञान में गहरे प्रश्न उठाए हैं। क्या एक प्रधानमंत्री का इस तरह भावविभोर होना उनकी व्यक्तिगत श्रद्धा का क्षण था? क्या यह भारत के राजनीतिक-धार्मिक संबंधों की नई परिभाषा है? क्या यह इतिहास में एक ऐसे अध्याय की शुरुआत है जिसमें भारतीय राज्य अपनी सांस्कृतिक आत्मा को फिर से स्वीकार कर रहा है? या फिर यह केवल राजनीति की प्रतीकात्मक प्रस्तुति थी?

इन सभी प्रश्नों के उत्तर उस क्षण की अंतर-निहित संवेदनाओं, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और वर्तमान भारत की सांस्कृतिक पुनर्स्थापना को समझे बिना संभव नहीं।

इसलिए यह लेख इन दृश्यों को विस्तृत रूप से देखने, समझने और विश्लेषित करने का प्रयास है, ताकि हम जान सकें कि मोदी के कांपते हाथ और बहते आँसू वास्तव में क्या कह रहे थे।

अयोध्या का इतिहास राजनीतिक संघर्ष, धार्मिक विवाद और अदालतों के फैसलों से गुज़रता हुआ अंततः 2024-2025 के कालखंड में एक ऐसी परिणति तक पहुँचा जहाँ यह विवाद समाप्त होकर निर्माण, पुनर्जीवन और आस्था के संगम का स्थल बन गया।

धर्म-ध्वजा स्थापना के क्षण ने भारत को सांस्कृतिक दृष्टि से एक ऐसा गर्व प्रदान किया, जो लंबे समय से दबी भावनाओं, सामाजिक संघर्षों और सामूहिक आघातों के बीच कहीं खो गया था।

कई भारतीयों के लिए अयोध्या का संघर्ष केवल जमीन का मुद्दा नहीं था। वह आत्मसम्मान का प्रश्न था। वह यह प्रश्न था कि क्या भारत अपनी सांस्कृतिक स्मृतियों को सम्मान दे सकता है? क्या वह अपने देवताओं, अपने मूल्यों और अपने इतिहास को राजनीतिक तर्कों के आगे स्थायी रूप से नकार देगा?

इसीलिए जब प्रधानमंत्री ने धर्म-ध्वजा उठाई, तो वह क्षण केवल एक रस्म नहीं रह गया।

वह एक सभ्यता की मुक्ति का क्षण था, जहाँ भारत ने अयोध्या को विवाद नहीं, बल्कि विरासत के रूप में पुनः स्थापित होते देखा।

मोदी के जीवन की पृष्ठभूमि को देखने पर यह दृश्य और अधिक अर्थपूर्ण हो जाता है। वह



नेता जो वर्षों तक साधारण पृष्ठभूमि से उठकर राजनीति के सर्वोच्च शिखर तक पहुँचा, जिसने रामायण, महाभारत और भारतीय सांस्कृतिक प्रतीकों को अपने विचार में केंद्र में रखा। अयोध्या का यह क्षण उसके व्यक्तिगत अध्याय का भी चरम था।

मोदी अपने शुरुआती भाषणों से लेकर आज तक स्वयं को 'रामभक्त' के रूप में प्रतिबिंबित करते रहे हैं।

अयोध्या में ध्वजा स्थापना उनके लिए, राजनीतिक उपलब्धि से कहीं ज़्यादा आध्यात्मिक संतुष्टि का अवसर थी।

उन हाथों का काँपना केवल भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं था। वह एक ऐसी यात्रा का परिणाम था, जिसे उन्होंने तीर्थों में साधुओं के साथ, संगठनों के बीच और राजनीतिक संघर्षों में जिया है। उनके आँसू उस जीवन भर की तपस्या, संघर्ष और प्रतीक्षा के प्रतीक थे।

एक नेता के आँसू अक्सर इतिहास की भाषा बन जाते हैं। वह क्षण जब उन्होंने पताका को थामते हुए अपनी आँखें बंद कीं–वह उन सभी भारतीयों के लिए भी भावनात्मक क्षण था जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन को केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण के रूप में देखा।

भारत का इतिहास भी यही बताता है कि इस भूमि में धर्म और राजनीति हमेशा पूरी तरह अलग नहीं रहे। अशोक से लेकर सम्राट हर्ष, शिवाजी, रानी दुर्गावती, महाराणा प्रताप तक राजसत्ता हमेशा सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों से प्रभावित होती रही।

लेकिन स्वतंत्र भारत ने एक ऐसा राजनीतिक ढाँचा अपनाया, जिसमें धर्म को सार्वजनिक जीवन से दूर रखने की कोशिश की गई। परंतु वास्तविकता यह थी कि भारत की बहुसंख्यक जनसंख्या धर्म को जीवन के हर मोड़ पर अनुभव करती है। आज का भारत पुराने सेक्युलर-ईंस्टिट्यूशनल ढांचे से आगे बढ़कर सांस्कृतिक-राष्ट्रवाद की ओर लौट रहा है। यह बदलाव केवल मोदी की वजह से नहीं है, बल्कि भारतीय समाज और युवाओं के भीतर लंबे समय से उठ रहे बदलाव की परिणति है। अयोध्या में मोदी का भावुक होना इसी बड़े परिवर्तन की पुष्टि करता है। जो बताता है कि भारत का राजनीतिक वर्ग अब सांस्कृतिक प्रतीकों से दूरी नहीं, निकटता बनाना चाहता है।

कुछ इसे खतरनाक मानेंगे, कुछ इसे साहसिक,

लेकिन इसमें संदेह नहीं कि यह भारत की राजनीति में गहरे बदलाव का संकेत है।

स्वाभाविक है कि ऐसे क्षणों पर आलोचना भी होती है। विपक्ष के कुछ नेताओं और विचारकों ने कहा कि यह 'राजनीतिक नाटक' है, एक 'चुनावी मंचन' है या फिर 'राज्य और धर्म के मेल से उत्पन्न खतरा' है।

लेकिन इन आलोचनाओं के बावजूद यह भी सच है कि किसी भी नेता के भावनात्मक क्षण को केवल नाटक कह देना समाज की संवेदनाओं के साथ अन्याय है। क्या भारत के करोड़ों लोगों की आँखों में भी नाटक था?

**क्या 500 वर्ष पुराने संघर्ष का अंत नाटक था?**

क्या राम जन्मभूमि के निर्माण को देखने का जन-उत्साह मात्र राजनीतिक था?

यह कहना कि यह सब 'डिज़ाइन' था, भारत की सांस्कृतिक चेतना को समझने में असफलता है। वास्तव में यह क्षण राजनीति के पंखों से कहीं आगे जाकर धर्म, इतिहास और राष्ट्रीयता के साझा बिंदु पर खड़ा था।

धर्म-ध्वजा भारतीय परंपरा में विजय, नैतिकता, धर्मपालन और राष्ट्र-निष्ठा का प्रतीक रही है। यह वही प्रतीक है जिसे अयोध्या में भगवान राम के राजतिलक के समय लगाया गया था।

**अयोध्या में स्थापित ध्वजा तीन प्रमुख संदेश देती हैः-**

कैथोलिक देशों का वेटिकन हो या इस्लामी देशों की मस्जिदें, चीन की परंपरा-आधारित व्यवस्था हो, हर राष्ट्र अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ खड़ा रहता है। भारत पहली बार फिर उसी दिशा में लौट रहा है।

राम केवल धार्मिक पात्र नहीं, संस्कृति के आदर्श, न्याय, शासन और मर्यादा के मॉडल हैं। धर्म-ध्वजा यह संदेश देती है कि भारत अपने शासन और समाज में मूल्यों को केंद्र में रखना चाहता है।

ध्वजा किसी जाति, किसी दल, किसी संस्था की नहीं, पूरे भारत की है।

भारत के गाँवों, शहरों, महानगरों में टीवी स्क्रीन पर लोग जब मोदी को भावुक होते देख रहे थे, तो वे अपने मन में उसी भाव में डूब रहे थे।

बुजुर्ग महिलाओं की आँखें नम थीं। युवा फोन निकालकर वीडियो बना रहे थे। घरों में प्रसाद बाँटा जा रहा था। अन्य धर्मों के कई लोग भी इस क्षण को भारत की सांस्कृतिक विजय के रूप में देख रहे थे। यह दृश्य राष्ट्र के सामूहिक मनोविज्ञान को गहराई से छू गया।

क्योंकि जनता इस क्षण में केवल प्रधानमंत्री को नहीं देख रही थी, वे अपने इतिहास को पुनर्जीवित होते देख रहे थे।

सवाल यह है कि इस भावनात्मक दृश्य का भारत की राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ेगा?8

राम मंदिर और अयोध्या के पुनर्जागरण पर भाजपा का नैरेटिव और अधिक मजबूत हुआ।

वहीं दूसरों ओर, विपक्ष कठिन मानसिक स्थिति में पहुँचेगा, क्योंकि भारत के अधिकांश मतदाता धार्मिक प्रतीकों से गहरा लगाव रखते हैं। विरोध करना जोखिमभरा है, समर्थन करना उनकी राजनीति के विपरीत है।

2026-27 की राजनीति सांस्कृतिक नैरेटिव के इर्द-गिर्द घूमेगी।

युवाओं की नई पीढ़ी अपने इतिहास पर गर्व की भावना से राजनीतिक निर्णय लेने लगेगी।

इस विश्लेषण में यह बात महत्वपूर्ण है कि हम केवल एकतरफा दृष्टिकोण न रखें। हाँ, भारत सांस्कृतिक पुनर्जागरण की ओर बढ़ रहा है।

परंतु साथ ही यह भी आवश्यक है कि, धार्मिक प्रतीकों का उपयोग विभाजन के लिए न हो

बहु संस्कृतिवाद की भारतीय परंपरा को सम्मान मिले। राजनीतिक लाभ के लिए आस्था का अति-दोपयोग न हो और सबसे महत्वपूर्ण बिंदु, धर्म और संविधान का संतुलन बना रहे।

मोदी के आँसू इस संतुलन को बिगाड़ते नहीं,

परंतु सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है कि यह संतुलन बना रहे।

अयोध्या में धर्म-ध्वजा स्थापना के दौरान, भावविभोर प्रधानमंत्री का दृश्य, भारत की राजनीति में, भारत की अस्मिता में और भारत की सांस्कृतिक चेतना में, एक मील का पत्थर बन चुका है। यह क्षण बताता है कि, भारत अपनी जड़ों से कटकर नहीं, बल्कि उन्हें स्वीकार कर आगे बढ़ेगा। धर्म आस्था है, विभाजन का कारण नहीं। राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि भावनाओं, इतिहास और संस्कृति से बनी ऊर्जा है। मोदी के कांपते हाथ और बहते आँसू भारत के हर नागरिक को यही संदेश दे रहे थे कि, 'सभ्यता को पुनः प्राप्त करने की कीमत संघर्ष है और उसे जीने की पहचान भावनाएँ हैं।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com